

हरिद्वार से अयोध्या के लिए संतों ने शुरू की कलश यात्रा, सीएम धामी ने पूजा के बाद किया रवाना।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 16 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## मंदिरों में जलेंगे दीये, गूंजेंगे रामायण पाठ, 22 जनवरी को राममय होगा मॉरिशस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की** तैयारी विश्व भर में हो रही है। अमेरिका, मॉरीशस से लेकर विभिन्न देशों में मौजूद रामभक्त 22 जनवरी को खास बनाने की तैयारी में जुट चुके हैं। मॉरीशस के उच्चायुक्त हेमंडॉयल डिलम ने राम मंदिर उद्घाटन समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को मॉरिशस के सभी मंदिरों में एक-एक दीए जलाए जाएंगे। वहीं मंदिरों के गलियारों रामायण पाठ के श्लोक गूंजेंगे।

**देशभर में होगा रामायण का पाठ:** मॉरिशस के उच्चायुक्त डिलम ने कहा, "मॉरिशस में बहुत सारे मंदिर हैं, और सभी मंदिरों में, एक 'दीया' (मिट्टी का दीपक) जलाया जाएगा, उस दिन रामायण पाठ किया जाएगा।" उच्चायुक्त डिलम ने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह सभी मंदिरों में एक साथ मनाया जाएगा।

**अधिकारियों को दी गई विशेष छुट्टी:** मॉरिशस के राजदूत ने यह भी कहा कि 22 जनवरी का समारोह न केवल भारत के लिए बल्कि मॉरिशस के लोगों के लिए भी एक अद्भुत कार्यक्रम है। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम फिर से वापस आ रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह न केवल भारत के लिए बल्कि मॉरिशस के लोगों के लिए भी एक यादगार लम्हा है। मॉरिशस सरकार ने उद्घाटन समारोह के लिए अधिकारियों को विशेष छुट्टी दी है। उन्होंने कहा, "मॉरीशस में बड़ी संख्या में राम अनुयायी हैं। इसके अलावा मॉरीशस के उच्चायुक्त डिलम ने कहा कि दोनों देशों के बीच बहुमुखी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए हमारे देश की ओर से अयोध्या में एक सांस्कृतिक दल भेजे जाएंगे।

**उच्चायुक्त ने अप्रवासी भारतीयों का किया जिक्र:** मॉरिशस में भगवान राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उच्चायुक्त ने कहा, अगर मैं लगभग 200 साल पीछे जाऊं, तो आपको याद होगा कि जो अप्रवासी और मजदूर मॉरिशस गए थे, उनके पास केवल दो चीजें थीं: एक थी रामायण, और दूसरी हनुमान चालीसा थी।

**फास्ट न्यूज**

### घर घर तक पहुंचेगी मोदी की गारंटी की गाड़ी

**देहरादून:** प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की गाड़ी घर-घर तक पहुंचेगी। डबल इंजन की सरकार में उत्तराखंड का चहुंमुखी विकास हो रहा है। अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का नाम हुआ है। यह बात केंद्रीय श्रम, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने विकासनगर ब्लॉक कार्यालय में पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण का संकल्प लिया है। अति पिछड़े जन जातीय समाज के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। इस समाज के लिए सामुदायिक साधन जुटाए जा रहे हैं। कहा कि प्रदेश में भी डबल इंजन की सरकार सामाजिक न्याय के विषय को जन जन तक पहुंचा रही है। प्रधानमंत्री मोदी जनता से सहज संवाद करते हैं। यही सच्चे लोकतंत्र और शासन की परिभाषा है। जिले के प्रभारी और वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि जनमन महाअभियान अति पिछड़ी जनजाति समुदाय को समर्पित है। केंद्र सरकार अंतिम व्यक्ति के उदय के लिए कार्य कर रही है। विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री के जन सेवक के कार्य लोगों के दिलों तक पहुंच रहे हैं।

### मंडे बना 'मनी डे'; शेयर बाजार में बंपर उछाल

**नई दिल्ली:** सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी नई बुलंदियों पर पहुंच गए। सोमवार के कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स 73,402.16 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी पहली बार 22,115.55 के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंचा।

# तीन घंटे चलेगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

## = राम मंदिर में लगने वाली मूर्ति तय, कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई हुई मूर्ति सिलेक्ट

**रामलला...**

8 तीन घंटे चलेगा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह, पीएम के साथ रहेंगे चार विशिष्ट अतिथि



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**अयोध्या में** भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। कल से पूजा विधि प्रारंभ हो जाएगी जो 21 जनवरी तक चलेगी। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर समारोह की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मनोभाव प्रकट करेंगे। इस कार्य में संभवतः 65 से 75 मिनट का समय लगेगा। मानसरोवर, अमरनाथ, गंगोत्री, हरिद्वार, प्रयागराज का संगम तट, नर्मदा, गोदावरी, नासिक, गोकर्ण (कर्नाटक) अनेक स्थानों का जल आया है। इसके अलावा तमाम लोग अपने-अपने स्थानों का जल और रज (मिट्टी) यहां ला रहे हैं। दक्षिणी नेपाल से एक हजार टोकरियों में भेंट आई है, जिसमें फल, अनाज, फल, मेवे, वस्त्र और सोना-चांदी आदि आया हुआ है। माता जानकी का जन्म स्थान है वहां से लोग आए हैं, भगवान श्रीराम की ननिहाल छत्तीसगढ़ है, वहां से भी भेंट आई हुई है। एक साधू बैलगाड़ी में घी लेकर जोधपुर से आए। ऐसे तमाम लोग श्रद्धापूर्वक अपने आराध्य के लिए भेंट लेकर आ रहे हैं और यह सिलसिला जारी है। चंपत राय ने बताया कि 20 जनवरी से 21 जनवरी तक रामलला के दर्शन बंद रहेंगे, फिलहाल अभी इस पर विचार चल रहा है। मंदिर के आचार्य और पुजारी ही अंदर मौजूद रहेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों को लेकर कोई असुविधा न हो। 5. प्रधानमंत्री के निवेदन को दोहराते हुए चंपत राय बोले कि 22 जनवरी को समाज के लोग अपने-अपने मंदिरों की सफाई करें। मंदिर छोटा हो या बड़ा दोनों ही भगवान के घर हैं, इसलिए सभी में पूजन-भजन हो।
टेलीविजन या एलईडी स्क्रीन लगाकर खुद और अपने-अपने आसपास के लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिखाएं।

### 'मंदिर परिसर की विशेष साज-सज्जा होगी'

**चंपत** राय मंदिर परिसर की विशेष साज-सज्जा होगी। प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो जाने के बाद दोपहर ढाई बजे के बाद संत, महापुरुष और आमंत्रित गण दर्शन करने के लिए मंदिर में प्रवेश करेंगे। आमंत्रित लोगों को प्रातः 10 और साढ़े 10 बजे मंदिर में प्रवेश करना होगा और वापस जाने में शाम को पांच या छह भी बज सकते हैं। मंदिर में आने वाले आमंत्रित लोगों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

### 'प्रा प्रतिष्ठा समारोह के बाद लोग शंख बजाए'

**चंपत राय** ने समाज के लोगों से अपील की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद लोग शंख बजाएं, शंख की ध्वनि शुभ ध्वनि है। साथ ही प्रसाद वितरण करें, प्रसाद क्या बंटा, इससे अधिक महत्वपूर्ण है कि अधिक से अधिक लोगों तक प्रसाद पहुंचे। चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भारतीय परंपरा के सभी तरह के वाद्ययंत्र जैसे, उत्तर प्रदेश का पखावज, बांसुरी, ढोलक, कर्नाटक का वीणा, महाराष्ट्र का सुंदरी, पंजाब का अलगोजा का वादन होगा।

## 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले: नीति आयोग




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नीति आयोग** ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है। नीति चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए। उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले।

**गिरावट**

8 उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई



दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपनी किताब 'इन प्रणब माय फादर: ए डॉटर रिमेंबर्स' की एक प्रति भेंट की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर की बात

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और विभिन्न सकारात्मक विकास पर चर्चा की। वे द्विपक्षीय विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए एक रोडमैप विकसित करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री 2024 में रूस की ब्रिक्स प्रेसीडेंसी के लिए शुभकामनाएं दीं।
नेताओं ने दोनों देशों के बीच हाल के उच्चस्तरीय आदान-प्रदान के बाद द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की।

## असली शिवसेना: उद्धव पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

### शिंदे समूह को पार्टी के कुल 54 विधायकों में से 37 का समर्थन था

**चुनौती**

8 विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 'असली शिवसेना' के फैसले को चुनौती दी है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिवसेना (उद्धव** बालासाहेब ठाकरे) के मुखिया और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 'असली शिवसेना' के फैसले को चुनौती दी है। स्पीकर ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। 10 जनवरी को अयोग्यता याचिकाओं पर अपने फैसले में स्पीकर ने किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था। नार्वेकर ने कहा था कि कोई भी पार्टी नेतृत्व अंदरूनी असंतोष या अनुशासनहीनता को दबाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के प्रावधानों का उपयोग नहीं कर सकता है। स्पीकर ने कहा था कि जून 2022 में जब पार्टी विभाजित हुई तो शिंदे समूह को पार्टी के कुल 54 विधायकों में से 37 का समर्थन था। चुनाव आयोग ने 2023 की शुरूआत में शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'शिवसेना' नाम और 'धनुष और तीर' निशाना सौंप दिया था।

## एआई के कारण दुनियाभर में जा सकती हैं 40% नौकरियां

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष ने चेतावनी दी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उदय से दुनिया भर में लगभग 40% नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं।

आईएमएफ के अनुसार एआई के कारण उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएं उभरते बाजारों और कम आय वाले देशों की तुलना में अधिक जोखिम का सामना कर रही हैं। वाशिंगटन डीसी स्थित संस्था आईएमएफ ने




रविवार को वैश्विक श्रम बाजार पर एआई के संभावित असर का आकलन किया और बताया कि ज्यादातर मामलों में, एआई तकनीक के कारण वैश्विक स्तर पर सामाजिक और आर्थिक असमानता के बढ़ने का खतरा है।

## 'कांग्रेस का मकसद मणिपुर में शांति-सौहार्द बहाल करना'

**उद्देश्य**

8 कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई जातीय हिंसा के कारण प्रदेश की जनता संघर्ष कर रही है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस की** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी मणिपुर के सेनापति इलाके में पहुंचे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के इस दौरे का मकसद मणिपुर में शांति और सौहार्द वापस लौटाना है। उन्होंने कहा लगभग सात महीने पहले मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई जातीय हिंसा के कारण प्रदेश की जनता संघर्ष कर रही है। बकौल राहुल गांधी, कांग्रेस नेताओं ने पिछले साल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा की। इसका मकसद भारत के लोगों को एक साथ लाना है। राहुल गांधी कई और कांग्रेस नेताओं के साथ यात्रा के लिए खास तौर पर तैयार कराई गई बस से सफर कर रहे हैं। रविवार शाम यात्रा की शुरूआत के बाद दूसरे दिन उन्होंने कुछ दूरी तक पैदल यात्रा की।

इस दौरान राहुल स्थानीय लोगों से मिले और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कांग्रेस नेताओं की बस जब व्यस्त इलाकों से गुजर रही थी तो यात्रा मार्ग पर कई लोगों को कतार में खड़े देखा गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने राहुल गांधी के साथ-साथ कांग्रेस का भी जयकारा लगाया।

## इजरायल-हमास युद्ध: 100 दिन में गई 25 हजार लोगों की जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हमास-इस्राइल** युद्ध के 100 दिन पूरे हो गए हैं। पिछले साल 7 अक्तूबर को हमास ने इस्राइल की सीमा में घुसकर घातक हमला किया था।
हमले में 1200 इस्राइली नागरिकों की हत्या कर दी थी और 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इस्राइल ने गाजा में हमास के ठिकानों पर लगातार जवाबी कार्रवाई की है। अब तक इस युद्ध में 1200 इस्त्राइली नागरिकों के अलावा एक हजार से ज्यादा हमास व अन्य संगठनों के लड़ाके, 23 हजार से ज्यादा फलस्तीनी नागरिक और 500 से ज्यादा इस्राइली सैनिक मारे जा चुके हैं।



**कड़ाके की ठंड** | कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा

## अगले तीन दिन हो सकते हैं सबसे ठंडे, बर्फबारी से बढ़ेगी मैदानी इलाकों में गलन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सूर्य के उत्तरायण** होते-होते एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने का माहौल बन गया है। सोमवार की रात से सक्रिय होने वाले इस विक्षोभ के चलते न सिर्फ उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है। जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की



राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार देर शाम से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने वाली है। इसके चलते हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के ऊपरी हिस्सों में ताजा बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों समेत उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश का अनुमान किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि विक्षोभ के चलते उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों समेत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। मंगलवार से लेकर गुरुवार तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश का अनुमान है। बारिश के चलते कुछ इलाकों में तापमान में अंतर देखा जा सकता है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. दीपांशु यादव कहते हैं कि कुछ इलाकों में ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है। सात हजार फीट से लेकर नौ हजार फीट पर ताजा बर्फबारी हो सकती है। अनुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों के भीतर बदले मौसम के चलते तकरीबन 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं मैदानी इलाकों में गलन बढ़ा सकती हैं।

**कोहरे की मार**

8 बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही

## अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेंगी मायावती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मायावती ने** लोकसभा चुनावों से पहले अकेले ही सियासी मैदान में उतरने का आखिरकार अधिकारिक एलान कर दिया। मायावती के इस एलान के बाद समाजवादी पार्टी से लेकर भाजपा के रणनीतिकार अपने-अपने नजरिए से सियासी आंकलन कर रहे हैं। हालांकि जानकारों का मानना है कि मायावती के अकेले चुनाव लड़ने से पार्टी को लोकसभा में सीटों का कितना फायदा होगा यह तो परिणाम बताएंगे। लेकिन अपने वोट बैंक के लिहाज से मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने एलान कर खिसकता हुआ जनाधार बढ़ाने का बड़ा प्रयास किया है। इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि मायावती ने आकाश आनंद के लिए इस चुनाव में पहली बार खुले तौर पर बगैर किसी दबाव के रणनीति बनाने और उसे अमली जामा पहनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा सियासी मैदान दिया है। मायावती के लोकसभा चुनाव में अकेले मैदान में उतरने के बाद बसपा के नेता भी मानते हैं कि मायावती का यह दांव सियासी तौर पर फायदेमंद हो सकता है। तर्क देते हुए बसपा के पूर्व जोनल कोऑर्डिनेटर हुसैन सिद्दीकी कहते हैं कि बसपा के लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ने के पार्टी को कई फायदे नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं कि इसमें पहला फायदा तो यही है कि पार्टी अपने पूर्व अनुभवों के लिहाज से मानकर चल रही है कि उसका वोट प्रतिशत कम नहीं होगा।



**एकला चलो**

8 मायावती के एलान के बाद सपा से लेकर भाजपा के रणनीतिकार सियासी आंकलन कर रहे

# दिल्ली: सीजन का सबसे कम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

अभी सर्दी से राहत के आसार नहीं है। अनुसार है कि अभी दो दिन घना कोहरा होगा, इस वजह से मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया

**कड़ाके की ठंड**

**8 दिल्ली के सफदरजंग में सीजन का सबसे कम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधान दिल्ली सहित उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और कोहरा का सितम जारी है। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को भी कड़ाके की ठंड के साथ वातावरण में घने कोहरे की चादर नजर आई। वहीं, न्यूनतम तापमान भी और लुढ़का है। मौसम विभाग से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के सफदरजंग में सीजन का सबसे कम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आसमान साफ रहेगा, दिन में धूप भी खिली रहेगी, लेकिन कुछ जगह शीत लहर की स्थिति बने रहने के आसार हैं।





## दिल्ली का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में बरकरार

**सोमवार** को भी शीत लहर चलेगी। वहीं, बुधवार से कोहरे के स्तर में कमी आएगी। इसके बाद तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का पिछला सबसे कम तापमान था। यह शनिवार के 3.6 डिग्री सेल्सियस और शुक्रवार के 3.9 डिग्री सेल्सियस था। ये दोनों उस दिन के सीजन के सबसे कम तापमान थे।

आईएमडी ने बताया कि आज न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि अधिकतम 20 डिग्री रहने के आसार हैं। वहीं, राजधानी में वायु की गुणवत्ता आज भी गंभीर श्रेणी बरकरार है। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआइ 400 के पार बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, आज दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 रहा। बता दें कि शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को "अच्छा", 51 और 100 के बीच "संतोषजनक", 101 और 200 के बीच "मध्यम", 201 और 300 के बीच "खराब", 301 और 400 के बीच "बहुत खराब" और 401 और 500 के बीच "गंभीर" माना जाता है।

**अभी सर्दी से राहत के आसार नहीं:** मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी सर्दी से राहत के आसार नहीं है। अनुसार है कि अभी दो दिन घना कोहरा होगा। इस वजह से सोमवार व मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली में घने कोहरे और खराब मौसम का असर उड़ानों पर

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली में घने कोहरे और खराब मौसम का असर उड़ानों पर देखने को मिला है। एयरपोर्ट पर करीब एक दर्जन उड़ानें रद्द और करीब 150 फ्लाइट्स के संचालन में देरी से संचालित हुई। इन उड़ानों में अंतरराष्ट्रीय व घरेलू दोनों शामिल हैं।भीषण कोहरे की स्थिति के बीच, दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर उनसे यात्रा से पहले एयरलाइंस से संपर्क करने की अपील की है। दिल्ली में घने कोहरे के बीच दृश्यता कम होने से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स की उड़ान में देरी हो रही है।

# बढ़ती सर्दी के साथ गैस चैंबर बन रही दिल्ली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कड़ाके की** ठंड व कोहरे के बीच एनसीआर में प्रदूषण का स्तर भी अचानक ज्यादा बढ़ गया है। इस वजह से तीन सप्ताह बाद रविवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 400 के पार पहुंचने के कारण हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार हवा की गति कम, कोहरा व वातावरण में नमी अधिक होने के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण में अधिक ऊपर नहीं उठ पाए। इस वजह से प्रदूषण का स्तर अधिक बढ़ गया।

**अगले दो दिन यही हाल रहेगा बरकरार:** सोमवार व मंगलवार को भी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बरकरार रहेगी। इसके बाद एयर इंडेक्स घटकर 400 से नीचे आने की संभावना है। लेकिन मंगलवार के बाद भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। सीपीसीबी के अनुसार सुबह दस बजे दिल्ली का एयर इंडेक्स 458 पहुंच गया था। इसके बाद एयर इंडेक्स थोड़ा कम हुआ और दिल्ली में 24 घंटे का औसतन एयर इंडेक्स



447 रहा जो गंभीर श्रेणी में है।

**दिल्ली 24 जगहों पर एयर इंडेक्स 450 से अधिक:** ऐसे में दिल्ली की आबोहवा दमघोंटू बनी रही। एक दिन पहले दिल्ली का एयर इंडेक्स 399 था। इसके मुकाबले एयर इंडेक्स में 48 अंक की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली 37 प्रदूषण निगरानी केंद्रों में से 24 जगहों पर एयर इंडेक्स 450 से अधिक खतरनाक श्रेणी में रहा। इससे पहले दिल्ली में पिछले 24 दिसंबर को एयर इंडेक्स गंभीर श्रेणी में 411 था।

**400 के पार पहुंचा नोएडा में एयर इंडेक्स:** नोएडा व ग्रेटर नोएडा में भी एयर इंडेक्स गंभीर श्रेणी में 400 से अधिक रहा। सीपीसीबी द्वारा जारी 252 शहरों की रिपोर्ट के अनुसार नोएडा व दिल्ली रविवार को देश में सबसे अधिक प्रदूषित जगह रही।

# एम्स के एनसीआर में नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति का रास्ता साफ




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एम्स के राष्ट्रीय** कैंसर संस्थान (एनसीआइ) में कैंसर के इलाज और जांच की सुविधाओं में विस्तार के लिए छह विभागों में नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए 11 नए पद सृजित किए गए हैं। केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति भी दे दी है। जिसके बाद इन पदों पर नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि एम्स प्रशासन जल्द ही इन पदों पर सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगा। इससे हरियाणा के झज्जर स्थित एनसीआइ में कैंसर के इलाज व जांच की सुविधाएं बढ़ेगी। मौजूदा समय में एनसीआइ में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। इससे मरीजों का इलाज प्रभावित होता है। इसके मद्देनजर सहायक प्रोफेसरों के नए पद सृजित किए गए हैं। इसके तहत पैलिएटिव मेडिसिन के तीन सहायक प्रोफेसर नियुक्त किए जाएंगे।

**मिलेगी सुविधा**

**8 उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन पदों पर सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगा**

इसके अलावा पैथोलाजी विभाग में भी तीन, माइक्रोबायोलाजी के दो व बायोस्टेटिस्टिक के एक सहायक प्रोफेसर के पद सृजित किए गए हैं।

**नियुक्ति होने से बढ़ेगी जांच सुविधाएं:** इन तीनों विभागों में नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति होने से जांच सुविधाएं बढ़ेगी। इसके अलावा प्रिवेंटिव आंकोलाजी में सहायक प्रोफेसर एक नया पद सृजित किया गया है। ताकि कैंसर की रोकथाम और स्क्रीनिंग को बढ़ावा दिया जा सके। वहीं फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन के एक सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति होगी।

# आप-कांग्रेस गठबंधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं के सामने बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर हो रही बैठकों से नेताओं-कार्यकर्ताओं दोनों में ही खासी उलझन है। यहां की सातों लोकसभा सीटों के परिणाम को लेकर भी तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने जहां चुप्पी साध रखी है, तो वहीं दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ता गफलत में हैं कि एक दूसरे के लिए प्रचार कैसे कर पाएंगे और कैसे वोट मांग पाएंगे!

**49 दिन चली थी आप-कांग्रेस सरकार:** गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को सियासी तौर पर खत्म करके ही दिल्ली की सत्ता हासिल की थी।

# शरजील की भूमिका को अन्य आरोपितों से अलग करने वाला चार्ट दाखिल करे पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने वर्ष 2020 में दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस से एक चार्ट दाखिल करने को कहा, जिसमें 2020 के सांप्रदायिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की भूमिका को सह-आरोपित नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और आसिफ इकबाल तन्हा से अलग किया जाए। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने कहा कि चार्ट में पुलिस आरोपित के इतिहास, उसकी भूमिका और उसके मामले को दूसरों से अलग करने वाले अन्य विवरणों का उल्लेख कर सकती है। पीठ ने मामले में जमानत

**आदेश**

**8 इमाम की भूमिका को सह-आरोपित नताशा, देवांगना और आसिफ इकबाल तन्हा से अलग किया जाए**

की मांग करने वाली इमाम की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने मामले को 19 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इमाम ने समानता के आधार पर जमानत की मांग करते हुए कहा कि प्राथमिकी में नामित 18 आरोपितों में से छह को पहले ही राहत दी जा चुकी है। विशेष लोक अभियोजक



विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुई केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी।

# कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की जोरों पर तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**26 जनवरी** 2024 को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारी एक महीने पहले ही शुरू हो जाती है। इस दिन कर्तव्य पथ पर भारत अपने शौर्य का प्रदर्शन करता है। जिसमें तीनों भारतीय सेना और राज्यों की झाकियां निकलती हैं। कर्तव्य पथ पर सोमवार सुबह भी सेना के जवानों ने परेड की रिहर्सल की। वीडियो



में देख सकते हैं कि कर्तव्य पथ पर चल रही परेड रिहर्सल में जवान ऊंटों के ऊपर बैठे हुए हैं। बीते साल 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस परेड में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ऊंट सवार टुकड़ी में पहली बार पुरुष जवानों के साथ महिला कर्मी शामिल हुई थीं।

**तैयारी**

**8 रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि बीटिंग रिट्रीट समारोह 26 जनवरी की परेड से तीन दिन बाद होता है**

रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि बीटिंग रिट्रीट समारोह 26 जनवरी की परेड से तीन दिन बाद होता है। सरकार के मुताबिक, इस साल के बीटिंग रिट्रीट समारोह में संगीत की धुनें रोमांचिक करेंगी। खास बात ये कि सभी धुनें स्वदेशी ही होंगी। यानी भारत में कंपोज म्यूजिक और सैनिकों की देशभक्ति का रंग सिर चढ़कर बोलेगा।

# 'डंकी' मार्ग से लोगों को भेजते थे यूरोप, नौ लोगों को दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** ने सोमवार को एक अंतरराष्ट्रीय रैकेट का भंडाफोड़ किया। यह समूह लोगों के अवैध डाक्यूमेंट बनाकर उन्हें यूरोपीय देशों में भेजता था। पुलिस ने इस मामले में चार बांग्लादेशी नागरिक समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी वर्क परमिट बनवा रखा था। वह सभी को डंकी रूट से यात्रियों को विदेश भेजने का काम करते थे, जिसके लिए प्रत्येक यात्री 15 लाख रुपये वसूलते थे।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अचिन गर्ग के अनुसार, रैकेट का भंडाफोड़ करने की कड़ी चार जनवरी को बांग्लादेशी नागरिकों मोहम्मद अनवर काजी (22) और मोहम्मद खोलिलुर रहमान (22) की गिरफ्तारी के साथ

**पर्दाफाश**


**8 आरोपियों ने फर्जी वर्क परमिट बनवा रखा था। वह सभी को डंकी रूट से यात्रियों को विदेश भेजने का काम करते थे**

शुरू हुई। काजी और रहमान की गिरफ्तारी के बाद अली अकबर, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद मुदस्सिर खान, बरेंद्र आर्य, धीरज बिश्नोई, गौरव गुलाठी और मोहम्मद यूनुस को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि अली अकबर और यूनुस खान भी बांग्लादेशी नागरिक हैं और वे दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। 'डंकी' मार्ग विदेश जाने का एक अवैध रास्ता है। इसका उपयोग देशों में अनधिकृत प्रवेश के लिए किया जाता है।

# काट ले गए मीटर: महिला ने मांगी पुलिस से मदद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बिजली** का बिल ज्यादा आने पर पीड़ित महिला ने पुलिस से बिल भरवाने के लिए शिकायत कर मदद की मांग की। पीड़ित महिला ने पुलिस को पत्र लिखकर पति से बिल भरने को कहा है। भीकम कॉलोनी निवासी ज्योति मंगला ने बताया कि उनका पति हेमराज मंगला काफी सालों से दूसरी औरत रेखा दिक्की के साथ सेक्टर आठ स्थित किराए के मकान में रह रहा है।

पीड़ित महिला ने पति के खिलाफ केस दर्ज करवा रखा है। कोर्ट की ओर से पीड़ित महिला मंगला को हर महीने 20 हजार रुपये उनका पति हेमराज मंगला घर खर्च के



लिए देता है। बिजली का बिल 50 हजार रुपये से ज्यादा का हो चुका है। जिसको वह पिछले तीन सालों से भर नहीं पा रही है। इसी वजह से बिजली विभाग उनके घर का मीटर काट कर ले गया। इसको लेकर पुलिस को लिखित शिकायत दी की। बिजली बिल को भरने के लिए पति हेमराज से मदद दिलाई जाए।

**डीजल जेनसेट के भरोसे सोसाइटी की बिजली ... उड़ रही ग्रैप की धज्जियां**

वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गुरुग्राम के लिए ग्रैप तीन के नियम लागू कर दिए हैं। बावजूद इसके सेक्टर 104 स्थित एटीएस ट्रायंफ सोसाइटी पिछले 19 दिनों सें 24 घंटे डीजल आधारित बिजली पर निर्भर है।

निवासी जरूरत के मुकाबले कम बिजली मिलने से त्रस्त हैं। बिजली निगम बगैर पूरी बैंक गारंटी वसूले दोबारा बिजली जोड़ने को तैयार नहीं है। परेशान निवासियों का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बिजली निगम के अधिकारियों को संबोधित करने आए राज्य के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात करने पहुंचा। मामला सामने आने पर मंत्री ने भी हैरानी जताई। उन्होंने मुख्य अभियंता वीके अग्रवाल को समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा है।

बीते 27 दिसंबर को 33केवीए सबस्टेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बैंक गारंटी नहीं जमा किए जाने पर इस सोसाइटी की बिजली काटी गई थी। तब से प्रतिदिन करीब एक लाख रुपये का डीजल खर्च कर बिल्डर प्रबंधन बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। ग्रैप के तीसरे चरण के नियमों के मुताबिक भी केवल जरूरी कार्य के लिए डीजल आधारित बिजली चलाई जा सकती है। लेकर ट्रायंफ में लिफ्ट और कॉमन एरिया के अलावा घरों में भी बिजली की जरूरत है।

# गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा

**नई दिल्ली।** सोमवार को दिल्ली के पश्चिम विहार मेट्रो स्टेशन के पास गैस सिलेंडर ले जा रहा ट्रक हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने बताया कि पश्चिमी विहार ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास ट्रक के दुर्घटना होने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एक टीम को भेजा गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति से बचने के लिए ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया। प्रथम दृश्टया ऐसा लगता है कि अन्य वाहनों को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैफिक की स्थिति के बारे में अपडेट करने के लिए पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया।

# मरीज खुले आसमान के नीचे सो रहे

**दिल्ली की सर्दी**

**8 पर्याप्त व्यवस्था न होने से मरीज व तीमारदार कड़कड़ाती ठंड में खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी में** सर्दी का सितम जारी है। अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था न होने से मरीज व तीमारदार कड़कड़ाती ठंड में खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर हैं। कहर बनकर टूट रही इस सर्दी में कोई पेड़ के नीचे तो कोई से बिना कंबल के मेट्रो स्टेशन के बाहर सो रहा है।



आलम यह है कि देश के सबसे बड़े अस्पताल एम्स के बाहर मरीज के साथ तीमारदार सर्द हवाओं के बीच रहने पर मजबूर हैं। यही स्थिति राम मनोहर लोहिया अस्पताल व सफदरजंग अस्पताल की भी हैं। यहां इलाज कराने आए मरीज व तीमारदार पार्क, फुटपाथ, फ्लाइओवर के नीचे व पार्किंग क्षेत्र में रात गुजार रहे हैं। कमोबेश यही स्थिति रैन बसेरों में भी है। जगह न होने की वजह से बेघर फुटपाथ व बस स्टैंड पर रात गुजारने को मजबूर हैं। इनमें से कई लोगों के पास तो गर्म कपड़े तक नहीं हैं।

# दिल्ली में चार युवकों ने दो दोस्तों को जमकर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जीटीबी एन्क्लेव** इलाके में रविवार शाम कंधा टकराने पर चार लोगों ने मिलकर दो दोस्तों को लात-घूंसों से पीट दिया। बाद में डंडों से उनपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनों को लहूलुहान करने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल हालत में तपन कुमार व उसके दोस्त सौरभ को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। तपन की शिकायत पर जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा में प्राथमिकी की है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# नीना बर्जर हत्या: एक हजार पेज का आरोप पत्र दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** ने स्विस नागरिक नीना बर्जर की हत्या के मामले में आरोपी गुरप्रीत सिंह के खिलाफ एक हजार पेज का आरोप पत्र दाखिल किया है। दिल्ली पुलिस ने आरोप पत्र में लिखा कि महिला की हत्या का मुख्य कारण पीड़ित और आरोपी के बीच वित्तीय विवाद था।

20 अक्तूबर को तिलक नगर में करीब 30 साल की नीना बर्जर का क्षत-विक्षत शव निगम के एक स्कूल की दीवार के पास पड़ा मिला था। महिला के शव हाथ-पैर जंजीरों से बंधे हुए थे। इनमें ताला लगा हुआ था। घटना के अगले दिन पुलिस ने इस मामले में पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया था।



पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, एक हजार पन्नों की चार्जशीट में पुलिस ने गुरप्रीत को स्विस महिला की हत्या में एकमात्र आरोपी के रूप में उल्लेखित किया है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र 11 जनवरी को शहर की एक अदालत में दाखिल किया गया था।

**नीना और आरोपी गुरप्रीत के बीच वित्तीय विवाद था हत्या का मुख्य कारण:** पत्र के मुताबिक, हत्या के पीछे मुख्य मकसद सिंह और बर्जर के बीच वित्तीय विवाद था। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने महिला से करीब सात लाख रुपये की मांग की थी। सिंह और उनके पिता पत्थर और रत्नों के व्यापारिक व्यापारी थे। आरोपी ने

**विवाद में मर्डर**

**8 हत्या के पीछे मुख्य मकसद सिंह और बर्जर के बीच वित्तीय विवाद था। सात लाख रुपये की मांग की थी**

स्विट्जरलैंड की अपनी यात्रा के दौरान बर्जर को कुछ रत्न देने की पेशकश की थी। उसने महिला की समस्याओं से ठीक करने के बहाने तंत्र-मंत्र किया। इसके बाद उसने उससे पैसे की मांग करनी शुरू कर दी। हत्या से पहले आरोपी ने बर्जर के अलग-अलग एटीएम से पैसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा।

# किताबें मनुष्य को नैतिकता का पाठ पढ़ाती हैं: सीएम

**द्वितीय पंचकूला पुस्तक मेले का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया उद्घाटन, हर वर्ष लगेगा पंचकूला पुस्तक मेला- ज्ञान चंद गुप्ता, बच्चों और युवाओं का बौद्धिक संर्वद्धन करेगी किताबें- पी के दास, ज्ञान की रोशनी से रोशन होगा हरियाणा- डॉ. अमित अग्रवाल**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पुस्तकों में भाषा का समन्वय ठीक उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार शरीर व आत्मा का आपसी संबंध होता है। मुख्यमंत्री आज सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क में बिजली कंपनियों के तत्वावधान में 6 अन्य विभागों द्वारा आयोजित द्वितीय पंचकूला पुस्तक मेला के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस मेले में राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट का भी विशेष योगदान है। पुस्तक मेला 22 जनवरी तक चलेगा। मेले में लगभग 100 प्रकाशकों में स्टाल लगाए है, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, ऊर्दू, संस्कृत, पंजाबी आदि की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। ज्ञान की रोशनी से रोशन होता हरियाणा, विद्युत प्रवाह से ज्ञान प्रवाह पुस्तक मेले का थीम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तकें ज्ञानवर्द्धक होती है। जब भी हमें समय मिले, पुस्तकें अवश्य पढनी





चाहिए, केवल दिखावे के लिए बल्कि वास्तविक ज्ञान हासिल करने के लिए पुस्तकें पढनी चाहिए। प्राचीन काल में भावी पीढ़ी को ज्ञान देने के लिए श्रुति ज्ञान का सहारा लिया जाता था। पुस्तकें हमें मानसिक तनाव से भी दूर करती है। पुस्तकालयों में अध्यात्मिक, खेल, संस्कृति, कहानी, कथा, व्यंगकारों सहित विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध होती है। हर व्यक्ति को पुस्तकें लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि स्वागत या अभिनंदन के समय बुके नहीं बुक देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में भी एक पुस्तकालय खोला गया है। अधिकारी व मीडिया कर्मी भी यहां से पुस्तकें ले रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को लेखक शिवलाल शुक्ल, आईएएस सेवानिवृत की पुस्तक राग दरबारी अवश्यक पढ?ी चाहिए क्योंकि इस पुस्तक में राष्ट्र जीवन की दिशा पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय के लेख भी संकलित है। उन्होंने कहा कि वे सदैव गीता के श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, पर चलते हुए कर्म कर रहे है, फल की इच्छा कभी नहीं की, फल तो अपने आप मिल जाता है। सबसे पहले अक्षरज्ञान हुआ, फिर शब्दज्ञान हुआ, फिर वाक्य बने, फिर भाषा व लिपि बनी और पुस्तकें बनी। 22 अक्तूबर 2020 को करनाल जिले के काच्छवा गांव में सीएसआर के तहत बिजली निगमों द्वारा संचालित की गई पहली ई-पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया था। आज मुख्यमंत्री ने तीन और पुस्तकालयों नामतः सरदार पटेल पुस्तकालय समाना बहु करनाल, सरदार पटेल पुस्तकालय मोहड़ी कुरूक्षेत्र व सरदार पटेल पुस्तकालय धौलरा यमुनानगर का भी रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया।

### म्हारी लाडो विषय पर ऑडिटोरियम में होगा विमर्श

**महिला** बाल विकास विभाग के सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से हरियाणा के सभी वूमेन सैल के प्रभारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला पंचकूला पुस्तक मेले के अवसर पर इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तरीय समारोह में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेगें। सुबह के सत्र में महिला बाल विकास विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती अमनीत पी. कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेगी। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग के वूमेन सेफ्टी के वरिष्ट अधिकारी विशेष रूप से हिस्सेदारी निभाएंगे।

# गुरु गोविंद सिंह जी का इतिहास में बड़ी भूमिका: देवेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा प्रदेश में जिला फतेहाबाद के गांव अकांवली में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने गुरुद्वारा अकांवली में आयोजित अखंड पाठ में माथा टेक सबके सुख समृद्धि की कामना की।

विकास एवं पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें मुगल साम्राज्य के खिलाफ अपनी सैन्य जीत और सिख भाईचारे खालसा पंथ की स्थापना के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का त्याग समर्पण सेवा बलिदान राष्ट्र धर्म धरा धेनु के प्रति कर्तव्यों की जीवंत अमर गौरव गाथा है। उनके बलिदान, त्याग और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दसवीं पातशाही गुरू गोबिंद सिंह जी के वीर सपूत साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी ने महज नौ वर्ष की आयु में जिस दृढ़ता, शौर्य और बुद्धिमता के साथ उन्होंने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए क्रूर और अत्याचारी शासन का सामना किया, वह अपने आप में अद्भुत है।

जिस उम्र में बच्चे बात को ठीक से बोल और समझ भी नहीं पाते, उस छोटी आयु में उन्होंने अन्याय और अनाचार के खिलाफ मुखर होकर स्वर बुलंद किए। उनका जीवन सिख इतिहास के गौरवशाली अध्याय में एक है जो हमें सत्य, न्याय, धर्म और कर्तव्यपरायणता के मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है। कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली गांव अकांवाली व आजाद नगर वार्ड नम्बर 13 में आयोजित पीर बाबा के दीवान कार्यक्रम में भी पहुंचे। यहाँ पीर बाबा की दरगाह पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण किया। बबली ने पीर बाबा की दरगाह पर माथा टेक कर गांव तथा क्षेत्र में सुख शांति की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही: विधायक ईश्वर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला कैथल के गांव अजीमगढ़ व डेरा गोबिंद सिंह नगर पहुंची। यहाँ ग्रामीणों के साथ विधायक ईश्वर सिंह ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर हुए ईश्वर सिंह ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। यात्रा सभी गांवों में पहुंच रही है और गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता स्टॉल्स के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। विधायक ईश्वर सिंह ने गांव अजीमगढ़ में 34 लाख 76 हजार रुपए की लागत से बने पशु अस्पताल व डेरा गोविन्द सिंह नगर में 4 लाख 84 हजार रुपए की लागत से बने महिला संस्कृति केन्द्र का उद्घाटन भी किया।

### नौकरियों में हरियाणा के युवाओं को 75% आरक्षण देने का वादा जुमला निकला : अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार पर निशाना साधा। उनके साथ पंचकूला जिला अध्यक्ष रंजीत उप्पल और वरिष्ठ नेता बीके कौशिक भी मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा पिछले कई सालों से बेरोजगारी में लगातार नंबर वन बना हुआ है। बेरोजगारी की ये समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। अभी कुछ दिन पहले सिरसा में तीन युवाओं की नशे से मौत हो गई। हर रोज युवाओं के नशे की चपेट में आने की खबरें आ रही हैं जो बेहद चिंताजनक है। प्रदेश में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं और जो सरकार हरियाणा के युवाओं को नौकरी में 75% आरक्षण का जुमला फेंक कर सत्ता में आई। उनका 75% आरक्षण का कानून इतना कमजोर था कि वो कोर्ट में धाराशायी हो गया। लेकिन हरियाणा के 75% युवाओं को रोजगार मिले ऐसी सरकार की मंशा कभी थी ही नहीं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में हुई कुछ भर्तियों के आंकडे बताते हैं कि कृषि विभाग के 600 एडीओ के पदों के लिए भर्ती निकली थी।

# 'विद्यार्थियों के जीवन में विद्यालय के वार्षिकोत्सव का विशेष महत्व'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि शिक्षा का जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। वार्षिकोत्सव का विशेष महत्व है क्योंकि ऐसे आयोजन का उद्देश्य है विद्यार्थियों में आत्म-संयम, विद्यालय की प्रगति में सहयोग देना और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करना होता है। कैबिनेट मंत्री ने टोहाना के गांव कन्हड़ी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। विकास एवं पंचायत मंत्री बबली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कड़ी मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को सफलता अवश्य मिलती है। ग्रामीण आंचल में भी प्राइवेट सेक्टर ने शिक्षा के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म बना कर हमारे ग्रामीण बच्चों को शिक्षा का अच्छा अवसर दिया है। विद्यालय के वार्षिक उत्सवों के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा-प्रदर्शन, आत्माभिव्यक्ति और दायित्व की भावना को बहिमुर्खी होकर विकसित होने का अवसर प्राप्त होता है।

# सीएम ने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की रखी आधारशिला

**मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नाम डॉ. मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा, मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटें**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला के सेक्टर-32 में 30 एकड़ भूमि पर 800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखी। मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा बनाए जाने वाले नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का नाम डॉ. मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा। प्रारंभिक चरण में 500 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी और इस परियोजना पर 300 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय का अनुमान है । पूरी परियोजना 30 महीने के भीतर पूरी



होने की उम्मीद है। इस मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटें होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद, हमने राज्य के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित करने की घोषणा की थी। दो जिलों चरखी दादरी और पलवल को छोड़कर हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए गए हैं। जिनमें से 6 सरकारी, 1 सहायता प्राप्त और 8 निजी सहित कुल 15 पहले ही संचालित हो चुके हैं । शेष जिले में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की प्रक्रिया चल रही है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज थे। 2014 और 2019 के बीच यह संख्या बढ़कर 12 हो गई, जो 2019 से वर्तमान तक 15 तक पहुंच गई है। सभी के पूरा होने पर भविष्य में मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़कर 29 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों के पूरा होने पर राज्य में एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या 3500 तक पहुंच जाएगी। स्वास्थ्य पेशेवरों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेज के संचालित होने के बाद राज्य का हर वर्ष 3500 डॉक्टर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त, विशेष डॉक्टरों की आवश्यकता को पूरा करते हुए पीजी सीटों की संख्या 851 से बढ़कर 1200 हो जाएगी।

# 'नशे के खिलाफ जंग जीतने के लिए खेलों को बढ़ावा देना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

जननायक जनता पार्टी द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से शुरू करवाई गई देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि नशे के खिलाफ जंग जीतने के लिए खेलों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जेजेपी निरंतर ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी प्रतियोगिताएं करवाती रहेगी। अजय चौटाला ने कहा कि खेलों की कड़ी में ही क्रिकेट के बाद सिरसा में अब कबड्डी प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी ताकि युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि जेजेपी सामाजिक सरोकारों को निभाने वाली पार्टी है और समय-समय पर इस तरह की मुहिम जेजेपी ने पहले भी चलाई है और भविष्य में भी इसे जारी रखा जाएगा। फाइनल मुकाबले के दिन भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा गांव चौटाला पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्होंने इस ग्रामीण प्रतियोगिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर यह पहला ही ग्रामीण खेल टूनामेंट है जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि जेजेपी द्वारा ग्रामीण आंचल में करवाई गई यह क्रिकेट प्रतियोगिता सही मायने में युवाओं के हित में है और यह नशे के खिलाफ बड़ी मुहिम है। उन्होंने कहा कि वे भी युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हरियाणा के युवाओं में किसी भी तरह से प्रतिभा की कमी नहीं है, बस आवश्यकता है उन्हें उचित मंच देने की। उन्होंने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल के दिखाए राह पर चलते हुए दिग्विजय चौटाला प्रदेश के खिलाड़ियों को खेलों का उचित मंच उपलब्ध करवा रहे है, जो कि सराहनीय है। प्रदेश की गठबंधन सरकार भी पूरी तरह से नशे के खात्मे के लिए कार्य कर रही है और खेलों को बढ़ावा दे रही है। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने विजेता-उपविजेता टीम को शुभकामनाएं दी और कहा कि हारने वाली टीमों को भी निराश होने की जरूरत नहीं है बल्कि वे हार से सीखकर आगे बढ़े और कड़ी मेहनत करें।

# सांसद दीपेंद्र अयोध्या में रामलला की पूजा-अर्चना करने पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा कल यानी 16 जनवरी को रोहतक से घर-घर कांग्रेस अभियान शुरू करने से पहले आज मकर संक्रांति के मौके पर दोबारा अयोध्या में रामलला की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पवित्र सरयू नदी में स्नान किया और भगवान रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने समस्त हरियाणावासियों की ओर से भगवान राम से प्रार्थना करी कि प्रदेश में शांति और भाईचारा बना रहे। उन्होंने भगवान श्रीराम से हरियाणा की जनता की सेवा करने का आशीर्वाद माँगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी जाकर हनुमान जी के दर्शन किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं और करोड़ों लोगों के मन में बसते हैं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा मैं 2005 में राजनीति में आया तब से लेकर आज तक हजारों जनसभाएं, रैली की और हर रैली, सभा में मौजूद जनमानस का अभिवादन राम-राम से किया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि आज उन्होंने भगवान राम से प्रार्थना करी कि देश में अमन और भाईचारे का वातावरण बना रहे। पारस्परिक सद्भावना के साथ हर देशवासी स्वस्थ और प्रसन्न रहें। उन्होंने कहा कि भगवान राम की कृपा से समस्त भारतवासी महंगाई, बेरोजगारी और नशे जैसी बुराईयों से मुक्त होकर शांति के साथ अपना जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा वो प्रदेश है जहां परस्पर अभिवादन भी राम-राम के साथ करते हैं।

**पूजा**

**8 दीपेन्द्र हुड्डा 16 जनवरी को रोहतक से करेंगे घर-घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत**

# भगवान श्रीराम हमारे रोम-रोम में बसते हैं: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

रियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे रोम-रोम में बसते हैं और आज वर्षों पुराना हमारे पूर्वजों का सपना साकार हो रहा है और 22 जनवरी को अयोध्या में बने विशाल एवं भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। उसी दिन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भी आयोजन है और हर भारतवासी में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह व जोश है। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज आज अंबाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दोपहर नग्गल-खोजकीपुर, प्रभु प्रेम पुरम के संयुक्त कार्यक्रम और शाम रामपुर, सरसेहडी के संयुक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य



अतिथि सम्बोधित रहे थे। इससे पहले, दोनों कार्यक्रम में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का यहां पंहुचने पर लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर भव्य अभिनंदन किया।

**देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करने का काम करते हैं:** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करने का काम करते हैं। वह दूरदर्शी सोच रखते हैं। देश आजादी की जब 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, उस समय हमारा देश भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल होगा और यह सारा कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में होगा।

**विराजमान**

**8 22 जनवरी को अयोध्या में बने विशाल एवं भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं : अनिल विज**

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया गया है, 22 जनवरी को वहां पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होगा, इससे पहले नरेन्द्र मोदी ने जो भी बात कही है, उसे पूरा करने का काम किया है। उदाहरण के तौर पर अनुच्छेद 370 को हटाना, तीन तलाक को खत्म करना व अब राम मंदिर का निर्माण करवाना शामिल है।

उन्होंने कहा कि असली आजादी हमें अब मिली है और अयोध्या में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे भारत के लोग भगवान श्रीराम में आस्था रखते हैं, राम मंदिर के निर्माण के लिये हमारे पूर्वजों ने बहुत संघर्ष किया, मैं भी इस संघर्ष के दौरान दो बार अयोध्या गया, एक बार 15 दिन जेल में भी रहना पड़ा और वर्ष 1992 में हुए आंदोलन का भी मैं हिस्सा रहा हूं। अब 34 साल वर्ष बाद फिर अयोध्या जाने का मौका मिल रहा है और जब हम सबके रोम-रोम में बसने वाले भगवान श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 17 को

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**दक्षिण हरियाणा** बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 17 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी।

निगम के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी।

# 'आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के लिए मुआवजा निर्धारित करने हेतु की जाएगी कमेटी गठित'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

जनवरी-हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के लिए मुआवजा निर्धारित करने हेतु सभी जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। यह कमेटी दावा प्रस्तुत किए जाने के 4 माह के अन्दर मुआवजे पर अपना निर्णय देगी। मुख्य सचिव ने आज यहां पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए एक निर्णय को लागू करने के सम्बन्ध में बुलाई गई बैठक में जिला स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक या उप-पुलिस अधीक्षक (यातायात), सम्बन्धित क्षेत्र का सब डिविजनल मजिस्ट्रेट और मुख्य चिकित्सा अधिकारी का प्रतिनिधि इस कमेटी के सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी दुर्घटना पंचायत एरिया में होती है तो डीडीपीओ, यदि जंगली जानवर से दुर्घटना होती है तो डीएफओ, यदि राज्य मार्ग पर होती है तो एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, यदि पालिका क्षेत्र में होती है तो अतिरिक्त आयुक्त या पालिका सचिव, यदि राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण कार्य वाले क्षेत्र में होती है तो सम्बन्धित कम्पनी का प्रोजेक्ट डायरेक्टर आदि इस कमेटी के सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में मुआवजे के बारे में निर्णय लेते समय मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के दिशा-निर्देशों और मानकों को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुआवजे पर निर्णय सम्बन्धित विभाग के प्रधान सचिव या एनएचएआई के परियोजना निदेशक को भेजा जाएगा।

**निर्णय**

**8 यह कमेटी दावा प्रस्तुत किए जाने के 4 माह के अन्दर मुआवजे पर अपना निर्णय देगी**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से बदल रही प्रदेश व देश की तस्वीर

**मोदी की गारंटी की गाड़ी से पात्र नागरिकों को घर द्वार पर ही मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**देशभर** में राष्ट्र एकता व भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से आज देश व प्रदेश की तस्वीर बदली हुई सी नजर आ रही है। यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी की गाड़ी के माध्यम से पात्र लोगों को उनके गांवों में मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

हरियाणा में भी 30 नवंबर से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने एक बड़ा पड़ाव हासिल किया है और अब तक यात्रा में 46 लाख 50 हजार से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। लोगों का यह समर्थन जनमानस को




एकजुट करने में इस यात्रा के गहरे प्रभाव को दशार्ता है। 14 जनवरी, 2024 को प्रदेशभर में 42 ग्राम पंचायतों/शहरी स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लगभग 50 हजार लागों ने हिस्सा लिया। इस प्रकार, अब तक कुल 6138 ग्राम पंचायतों/शहरी स्थानों को यात्रा के दौरान कवर किया जा चुका है, जिसमें कुल 46 लाख 50 हजार से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ ली है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी लगातार जिला उपायुक्तों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठकें कर यात्रा के संबंध में फीडबैक ले रहे हैं और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को देते हैं। मुख्यमंत्री के इस प्रयास के फलस्वरूप हरियाणा में यात्रा बड़े ही जोर-शोर से चल रही है।

**स्वास्थ्य शिविरों में जांच के लिए लगातार बढ़ रही लोगों की संख्याः** यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के स्वस्थ-हरियाणा विजन को लागातार गति मिल रही है। स्वास्थ्य शिविरों में जांच के लिए लगातार लोगों की संख्या बढ़ रही है। 14 जनवरी, 2024 को लगभग 7 हजार लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा, लगभग 3500 लोगों की टीबी की जांच की गई। अभी तक कुल मिलाकर 8 लाख 23 हजार से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है तथा साढ़े 5 लाख से अधिक नागरिकों की टीबी की जांच की गई है। यात्रा के दौरान अभी तक आयुष्मान-चिरायु हरियाणा योजना के तहत 1 लाख 33 हजार नये आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, यात्रा के दौरान अभी तक 8 लाख 95 हजार आयुष्मान कार्ड भी जारी किए जा चुके हैं।

## न्यूज फ्लैश

### गांव भूर्री व कामी गांव में योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**गन्नौर।** योजनाओं को हर सभी पात्र लोगों के घर द्वारा पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित संकल्प यात्रा सोमवार को गांव भुर्री तथा कामी पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा को जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत गांव भुर्री में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने शुभारम्भ किया। इसके बाद विधायक बड़ौली ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। इसके लिए देश के हर नागरिक को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जागृत होना चाहिए तथा सभी को यह सोचना चाहिए कि हमें अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान पात्र ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। विधायक व नेहरा ने गर्भवती महिलाओं को फल भी वितरित किए। चिरायु कार्ड, पेंशन पत्र तथा प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए। इस मौके पर भाजपा नेता रविन्द्र दिलावर, सुनीता लोहचब, बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, ग्राम सचिव विकास, गांव भुर्री के सरपंच रामरूप तथा कामी के सरपंच बलराम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### राई गांव के वार्ड 8 में श्री रामचंद्र के ध्वज का घरों में किया वितरण

**राई।** जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने सोमवार को वार्ड 8 में एकत्रित हुए और जय श्री राम के जयकारों के साथ राई गांव वार्ड नंबर 8 में घर-घर जाकर भगवान श्रीराम के ध्वज का वितरण किया।और जय श्री राम के नारे लगाए, पुनीत त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या जी में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, जिसका हर भारतवासी को सालों से इंतजार था और आज उनकी मनोकामना पूरी होने जा रही है। इस दिन के लिए न जाने कितने लोगों ने बलिदान दिया और अपने शीश कटवाए हैं।ओर उन्होंने कहा अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम लला प्राण प्रतिष्ठा की खुशी दीप जलाकर मनाने के लिए भी आह्वान किया।इस अवसर पर मोंटी वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, सतीश वाल्मीकि, मोनू पांचाल, नरेश पांचाल, रविकांत ,संजय, मनोज त्यागी, मनीष, ललित, सुनील आर्य, छोटे लाल, गुड्डु, संजीव त्यागी, प्रवेश शर्मा, प्रतीक, सागर, मोहित ,राकेश कौशिक आदि शामिल हुए

### शिव मंदिर में विधायक ने सफाई अभियान चलाकर भगवान श्रीराम का ध्वज लगाया

**गन्नौर।** अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान होना सुनिश्चित किया गया है। इसी के चलते सोमवार को गन्नौर शहर के शिव पार्क स्थित शिव मंदिर में विधायक निर्मल चौधरी ने सफाई अभियान की शुरूआत की। विधायक के साथ-साथ बीजेपी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मंदिर के अंदर और आसपास साफ-सफाई अभियान चलाने की शुरूआत की। इसके बाद भगवान श्रीराम की ध्वजा लगाई।

# अब पूरे हरियाणा में 1 नंबर डॉयल करते ही गाड़ी के माध्यम से पहुंचेगी पशु डॉक्टरी सुविधा : जेपी

## किसानों की आमदनी को बढ़ाना हमारा लक्ष्य, इसके लिए निरंतर प्रयासरत है सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण जय प्रकाश दलाल ने कहा कि अब पूरे हरियाणा में एक नंबर डॉयल करते ही कुछ ही देरी में पशु डॉक्टरी सुविधा उपलब्ध होगी। नंबर डॉयल करते ही डॉक्टर, दवाई और कंपाउंडर से लैस गाड़ी वहां पहुंचेगी और पशु चिकित्सा उपलब्ध करवाएगी। यह स्कीम जल्द ही लॉंच की जाएगी।



यह जानकारी उन्होंने सोमवार को शामगढ़ में स्थित आलू प्रौद्योगिकी केंद्र में आयोजित तृतीय आलू एक्सपो एवं कॉन्क्लेव-2024 के समापन पर कही। कृषि एवं किसान कल्याण जेपी दलाल ने कहा कि यह खुशी का मौका है कि किसानों से मिलना हो रहा है। किसान परंपरागत खेती से हटकर आलू का बीज बनाकर बेच रहे हैं और नई-नई खेती की तकनीक अपना रहे हैं। हरियाणा के किसान की वजह से आज प्रदेश खेती में अग्रणी प्रदेशों में शामिल है।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए हरियाणा सरकार गन्नौर में 550 एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मंडी बनाने जा रही है। इस मंडी को अंतर्राष्ट्रीय मंडियों के हिसाब से डिजाइन किया गया है। किसान की आमदनी को बढ़ाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। प्रदेश सरकार ने साढ़े 8 लाख पशुओं का बीमा किया है। किसानों को पशुपालन के लिए लोन दिया जा रहा है।

**800 करोड़ से 3900 करोड़ हुआ कृषि बजटः** जय प्रकाश दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर किसानों के लिए नई-नई योजनाएं ला रही है। वर्ष 2014 में कृषि बजट 800 करोड़ रुपये था, जो अब 3900 करोड़ रुपये है। आज नैनो यूरिया का 100 रुपये में ड्रोन के माध्यम से छिडका किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती को आसान बनाना उनकी प्राथमिकता है। अब किसान तकनीक से खेती करने की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आज किसानों को पद्म भूषण और पद्मश्री जैसे सम्मान मिल रहे हैं। पिछले दिनों भी हिसार में उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दौरा किया तो किसानों को सम्मानित करवाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था बना दी है कि 72 घंटे में किसान के खाते में फसल का पैसा आ रहा है, जो पहले आढ़ती के पास जाता था। जितना काम किसान के लिए अब हो रहा है, पहले कभी नहीं हुआ है।

# गांव को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेवारीः पूजा देवी



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नेहरू** युवा केंद्र द्वारा जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग के निदेर्शानुसार ब्लॉक कुंजपुरा के गांव नगला और मोहमदपुर में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान युवाओं को नशे के प्रति और स्वच्छता अभियान के तहत जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुशील कुमार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक पूजा देवी द्वारा की गई। पूजा देवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म कोलकाता में 12 जनवरी 1663 में हुआ था। स्वामी विवेकानंद एक आध्यात्मिक व प्रभावशाली गुरु थे। इसलिए उनका जन्मदिन प्रत्येक वर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेवारी होती है, ताकि गांव स्वच्छ व स्वस्थ बन सके।

# सेवाओं का समय पर जनता को लाभ पहुँचाना करें सुनिश्चित : अनीश यादव



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। उपायुक्त** अनीश यादव ने लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और उनको निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत दी जाने वाली सेवाओं का समय पर जनता को लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करें। इन सेवाओं में मुख्यतः आय प्रमाण-पत्र, जाति-प्रमाण पत्र तथा विवाह-पंजीकरण जैसी इत्यादि सेवाएं शामिल हैं। उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर इंतकाल, डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा करें, ताकि लोगों को तहसीलों में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इसके अलावा 47 ए के मामलों में रिकवरी करें, यदि कोई व्यक्ति रिकवरी जमा करवाने में आनाकानी करता है तो तुरन्त नोटिस दें, अगर फिर भी न मानें तो उसकी प्रॉपर्टी की नीलामी करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरप्लस व कस्टोडियन की जमीन से अवैध कब्जे भी हटवाएँ। उन्होंने सभी एसडीम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की 15 दिन में समीक्षा बैठक लें।

### राजपुर गांव की गौशाला का वार्षिकोत्सव समारोह में विधायक ने की शिरकत

**गन्नौर। गन्नौर-** सोनीपत मार्ग पर गांव राजपुर के समीप गौशाला का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि विधायक निर्मल चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का गौशाला के आचार्य एवं गौ सेवक नरेन्द्र महाराज ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक निर्मल चौधरी ने गायों की सेवा के लिए बेहतर व्यवस्था करने पर गऊशाला कमेटी की सराहना की। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि कोई एक व्यक्ति अथवा संस्था से गौशाला का संचालन नहीं कर सकते। इसके लिए समाज का सहयोग अपेक्षित है। सबके सहयोग से ही गौशालाओं का सुचारू संचालन संभव है।

# प्रेमिका के पति द्वारा प्रेमी की हत्या के मामले में प्रेमिका सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीआईए** टू की टीम ने पहलवान कृष्ण की हत्या करने के मामले में आरोपी कर्मजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी संगोहा और कर्मजीत की पत्नी व मृतक कृष्ण पहलवान की प्रेमिका जरीना खातून नबी अहमद पुत्री नबी अहमद सिद्दकी वासी मुंबई महाराष्ट्र हाल पत्नी कर्मजीत वासी संगोहा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि कृष्ण जरीना का प्रेमी था, जिनका पिछले लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था।



मृतक कृष्ण ने ही जरीना की शादी कर्मजीत वासी संगोहा से कराई थी। और शादी के बाद भी मृतक कृष्ण अपनी प्रेमिका जरीना अर्थात कर्मजीत की पत्नी से मिलने आता रहता था। 8 जनवरी को भी इसी तरह कृष्ण अपनी प्रेमिका से मिलने उनके घर संगोहा गया हुआ था। किसी बात को लेकर कृष्ण की कहा सुनी प्रेमिका के पति कर्मजीत से हो गई, जिसमें कर्मजीत ने डंडा उठा कर कृष्ण के सिर में मार दिया। गहरी चोट के कारण खून बहने से मौके पर कृष्ण की मृत्यु हो गई। इसके बाद कर्मजीत और जरीना ने सबूत मिटाने के लिए मृतक कृष्ण के सर से बह रहे खून को साफ किया और फिर डर के कारण जरीना मौके से फरार हो गई।

कर्मजीत ने पूछताछ में बताया कि जरीना ही कृष्ण की हत्या करके फरार हो गई है। वारदात के बारे पता चलने पर थाना सदर में मृतक कृष्ण के पिता जगदीश वासी शाहपुर की शिकायत के आधार पर जरीना के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# राजनैतिक सोच से भारत की विदेशों में जम रही धाकः योगेन्द्र

## असंध नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 और 4 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा** जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत असंध नगर पालिका के वार्ड 1 व 4 में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर समस्या का समाधान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दलालों से निजात दिलाई हैं। दलालों ने गरीबों की कमर तोडकर रख दी थी। उन्होंने कहा कि भारत ही दुनिया में शांति की स्थापना कर सकता है। जी20 जैसे सफल आयोजन ने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास करा दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी



है। उन्होंने कहा कि जो कार्य जन संवाद में आए हैं, उन पर काम जरूर होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता से जो वायदा किया था पूरा किया है। आज देश में योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया व अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। मोदी सरकार पारदर्शिता के तहत कार्य कर रही हैं। मोदी सरकार ने किसानों की फसल का उचित दाम दिया है। वर्तमान में किसानों को 14 फसलों पर एमएसपी दिया जा रहा है। हर वर्ग को सरकार की हर योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज मंडी में किसानों को फसल का दोगुना से ज्यादा भाव दिया जा रहा है। सही मायने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीण सरल पोर्टल पर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। जो आपका हक है सरकार उसे जरूर देगी। मोदी सरकार की गारंटी है हर काम को पूरा करना।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भारत 2047 तक भारत विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत सबसे ताकतवर देश के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनेगा। इसका समय तय किया गया है। यह पहला कुशल प्रधानमंत्री है जिन्होंने समय तय करके भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ भी दिलाई।

### विष्णु मंदिर बालाजी धाम की पवित्र मिट्टी की महक अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर में महकेगी

**गन्नौरः अयोध्या में** राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए होने वाली पूजा- अर्चना में श्रीविष्णु मंदिर बालाजी धाम गन्नौर की पवित्र मिट्टी की महक भी आएगी। बालाजी धाम की मिट्टी लेकर धाम के पुजारी प्रिंस भगत 31 जुलाई 2020 को भक्तों के साथ लेकर गए थे और मिट्टी को प्रभु श्री राम जी के सेवक बी.एल. गुप्ता व अन्य श्री राम जन्मभूमि नव मंदिर निर्माण कार्यकारिणी समिति को मिट्टी सौंपी। भक्तों का जत्था जब अयोध्या जाने के लिए धाम के पुजारी प्रिंस भक्त के नेतृत्व में रवाना हुए थे। पुजारी प्रिंस भगत ने बताया कि वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ है। हिंदू समाज के संघर्ष की जीत हुई है। भव्य राम मंदिर निर्माण होने से न केवल हिदू आस्था को बल मिला है, बल्कि मानवता का उद्धार होगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम किसी एक धर्म के न होकर पूरी मानवता के स्वामी हैं। उन्होंने अपने बड़ों की आज्ञा का पालन करने के लिए चौदह वर्ष तक वनवास काटा। जो किसी बलिदानसे कम नही है।

**22 जनवरी को होगा 21 कुण्डीय मन्दिर में यज्ञ व भंडाराः** श्री विष्णु मंदिर बाला जी धाम के पुजारी प्रिंस भक्त ने बताया कि 500 वर्षों के बाद ऐसा सौभाग्य मिला है कि श्रीराम अयोध्या में विराजमान होंगे। भव्य अवसर को दीपोत्सव की तरह मनाया जाएगा। प्रिंस भक्त ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर श्रीराम के भक्तों में उत्साह है।

# 'समग्र शिक्षा का रोजगार मेला 16 जनवरी को'

## वर्ष 2022-23 के 12वीं पास विद्यार्थियों को मिलेगा मौका

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में समग्र शिक्षा अंबाला की अध्यक्षा एवं अतिरिक्त उपायुक्त, अपराजिता के नेतृत्व तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा के मार्गदर्शन में 16 जनवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन, अंबाला शहर में लगाया जाएगा जिसमें जिले के राजकीय विद्यालयों से एन०एस०क्यू०एफ० घटक के अंतर्गत 2022-23 सत्र के 12वीं पास विद्यार्थी भाग लेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा ने बताया कि रोजगार मेले में नौकरियों की पेशकश करने वाली कंपनियों एवं अन्य नियोक्ताओं को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। इन कंपनियों में एच०डी०एफ०सी०, लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया, ओएसिस ओवरसीज एक्सपोर्ट लिमिटेड, विशाल मेगा मार्ट, एचसीएल टेक बी एवं ज़िका जी इंस्टिट्यूट ऑफ एनीमेशन इत्यादि विभिन्न नामी कंपनियों के साथ साथ लगभग 20 कामनियां शामिल है।

इस रोजगार मेले में लगभग 75 की संख्या में वे विद्यार्थी भाग लेंगे जो राजकीय विद्यालयों में एन०एस०क्यू०एफ० घटक के अंतर्गत दी जा रही कौशल शिक्षा के किसी भी कौशल विषय के साथ सत्र 2022-23 में 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं एवं इसके साथ-साथ 18 वर्ष की आयु भी पूर्ण कर चुके हैं।

# लूट की योजना बनाते हुए चार आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीआईए** वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए रकबा उचानी इंद्री रोड करनाल से चार आरोपियों बलीराम उर्फ कलवा पुत्र जीताराम वासी पासीपुर जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर-6, करनाल, बीरबल पुत्र तिलक पासवान वासी अम्मा गिनरपुर जिला बेगूसराय बिहार हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 32, संतोष पुत्र राजू साहनी वासी गौरीपुर जिला बेगूसराय बिहार हाल किरायेदार फूसगढ और



अनेकपाल उर्फ सूरज पुत्र पूरनलाल वासी टड़वा जिला बरेली उत्तर प्रदेश हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 6, करनाल को काबू कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर, लोहे की रॉड, डंडा और टॉर्च बरामद की गई। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम और आईपीसी की धारा 398, 401 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि सभी आरोपी पहले भी दुकान फाडकर थाना सेक्टर 32-33 के एरिया में दो वारदात और थाना शहर एरिया में एक वारदात को अंजाम दे चुके हैं। अब भी मौका मिलने पर अन्य वारदात को अंजाम देने वाले थे। आरोपी बलीराम उर्फ कलवा के खिलाफ पहले भी स्नैचिंग और चोरी के आठ मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें वह जेल में भी रह चुका है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस की साइबर ठगी पर बड़ी कार्रवाई

## फर्जी वेबसाइट बनाकर व लक्की ड्रा निकलने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**पानीपत/(कमल हुसैन)**

**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए जिला पानीपत की साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने फर्जी वेबसाइट बनाकर कंपनी की फ्रेंचाइजी देने व लक्की ड्रा निकलने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना सहित 4 आरोपियों को काबू करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। आरोपी पिछले 1 साल से वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। आरोपी विभिन्न राज्यों में लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देकर करोड़ो रुपए की राशि ठग चुके है।



एएसपी मयंक मिश्रा ने सोमवार को साइबर क्रामइ थाना में प्रेसवार्ता कर प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने चारों आरोपियों को रविवार को बिहार के पटना से काबू कर इनके कब्जे से 14 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 18 सिम कार्ड, स्टेट बैंक की 2 फर्जी मोहर, 4 अन्य मोहर व पते लिखे 304 लिफाफे व 900 लक्की ड्रा कूपन व 93 ऑफर फार्म बरामद किये हैं। आरोपियों की पहचान अमित पुत्र उमेश निवासी कतरी सराय नालंदा, दीपक भारती पुत्र जयकृष्ण निवासी सूपाल,

**कामयाबी**

**8 गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना सहित 4 आरोपियों को काबू करने में बड़ी कामयाबी हासिल की**

कुलदीप पुत्र गयामहत्व निवासी लखी सराय व चंदन निवासी कतरी सराय नालंदा बिहार के रूप में हुई हैं। एएसपी मयंक मिश्रा ने बताया कि थाना साइबर क्राइम में सेक्टर 12 निवासी यश गर्ग ने शिकायत देकर बताया था कि वह गूगल पर स्पोर्टस की डिकैथलॉन नामक कंपनी की फ्रेंचाइजी ढूंढ रहा था।

# 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उठ चुके ऊपर : बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। त्रिपुरा के** पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के हरियाणा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब देब ने टेहा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए वर्तमान सरकार में हुए गांव के विकास की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेता जो खुद विधायक भी नहीं वे रोज डिप्टी सीएम बनाने की घोषणाएं कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब सोमवार को टेहा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को मुख्यातिथि के



रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दस-दस डिप्टी सीएम बनाने की घोषणा करने वाले दलों को जनता नकार चुकी है, क्योंकि बच्चों को भी उन पर विश्वास नहीं होता। जो सत्ता में आने वाले होते हैं वो आने के बाद काम करके दिखाते हैं जिसका उदाहरण मनोहर लाल हैं। हरियाणा प्रभारी ने कहा कि राज्यसभा सांसद ने कहा कि अयोध्या में राममंदिर के निर्माण के तहत 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी पूजन करेंगे।

## संपादकीय

# नयी चुनौतियों के बीच राहुल की यात्रा-2

**मकर** संक्रांति, रविवार को उत्तरायण होते सूर्य की धूप में राहुल गांधी अपनी बहुप्रतीक्षित भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल पड़े हैं। 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से चलकर 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराकर पूर्ण हुए उनके मार्च से इस बार की यात्रा दूरी के मामले में विस्तारित है तो उद्देश्य के लिहाज से वृहत्तर। पहले वे 4 हजार किलोमीटर चले थे, अब 6200 किमी नापेंगे। उस बार पूरा पैदल चले थे, अबकी पांव-पांव चलने के साथ वाहन में भी चलेंगे। पिछले वक्तदक्षिण से उत्तर की ओर बढ़े थे, अब पूर्वोत्तर के हिंसाग्रस्त मणिपुर से निकलकर पश्चिमी छोर में अरब सागर तीरे बसी देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई को 20 मार्च को छुएंगे। फर्क केवल किमी की घट-बढ़ का नहीं है, न ही यात्रा के तरीकों का है। अंतर है परिस्थितियों का जिनके बीच राहुल का सफर शुरू हुआ है, नयी चुनौतियों का है; और बढ़ी हुई जिम्मेदारियों का भी। उनकी दोनों यात्राओं में समानता एक ही है- अंधकार में प्रकाश फैलाने की जो जिम्मेदारी हर नागरिक की है, उसे वे भी निभा रहे हैं- एक राजनैतिक संगठन के नेता के तौर पर उनके द्वारा किये जा रहे उत्तरदायित्व के निर्वाह की बात तो बाद में की जाये। राहुल की यह यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश के सभी अंगों पर पूर्ण नियंत्रण है। इनमें उनकी अपनी भारतीय जनता पार्टी, मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संसद, कार्यपालिका, संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया सारा कुछ शामिल है। गिने-चुने लोग जो उनके खिलाफ आवाजें उठा रहे हैं, उनके दरवाजों पर केन्द्रीय जांच एजेंसियां दस्तक देने में कोई देर नहीं करतीं। कई विपक्षी नेता, लेखक-पत्रकार, सामाजिक-मानवाधिकार कार्यकर्ता जेलों में जमानत पाने का इंतजार कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग हो या लोकसभा-राज्यसभा को संचालित करने वाले अध्यक्ष-सभापति- सभी के मुखों से मोदी की भाषा ही निकल रही है। राहुल तो सांसदी जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वापस भी आ गये लेकिन तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोईत्रा इसे बचाने की जद्दोजहद में हैं। बदहाली, महंगाई, गरीबी समेत तमाम नाकामियों और भ्रष्टाचार के अनेक आरोपों के बावजूद देश में मोदी को लेकर अंधभक्ति बढ़ रही है। ऐसे में देश का आम चुनाव आन पहुंचा है। तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बनने के लिये मोदी ने अपनी सरकार, संगठन, कार्यकताओं एवं समर्थकों की सारी ताकत झोंक दी है। अयोध्या में 22 जनवरी को निर्धारित राममंदिर का जिसे उद्घाटन समारोह कहा जा रहा है, वह दरअसल मोदी और भाजपा के प्रचार अभियान का सबसे बड़ा आयोजन है। मोदी को तीसरी बार अपने पूंजीपति मित्रों के लिये सत्ता में आना जितना आवश्यक है, उन्हें खुद के लिये भी सत्ता की सुरक्षा उतनी ही जरूरी है ताकि वे अपने आप को उन आरोपों से बचाकर रख सकें जो पिछले दिनों उन पर लगे हैं। सरकार के विरोध में उठती हर आवाज व लोकतांत्रिक शक्तियों को मौन करने में श्री मोदी, अमित शाह, भाजपा के बड़े नेता, केन्द्रीय जांच एजेंसियां सभी का योगदान है। इसके लिये समाज का जो ध्रुवीकरण हुआ और जिस प्रकार से उसे अगड़ों-पिछड़ों में बांटा गया, उसने राहुल को नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दूकान खोलने के लिये प्रेरित किया।

# सोमनाथ से अयोध्या तक तुष्टिकरण की राजनीति पर कायम

आशीष वशिष्ठ

"इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कानून कहता है अयोध्या राम जन्म भूमि मुकदमे के अलावा जो भी मुकदमे हैं वे समाप्त समझे जाएंगे। यह कानून अदालत के जरिये अपने धार्मिक स्थलों और तीर्थों को वापस पाने के अधिकार से वंचित करता है। कानून आक्रांताओं के गैर कानूनी कृत्यों को कानूनी मान्यता देता है। कानून हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों को अपने पूजा स्थलों और तीर्थों का वापस कब्जा पाने से वंचित करता है जबकि मुसलमानों को वक्फ कानून की धारा सात के तहत ऐसा अधिकार मिला हुआ है। वर्ष 1992 में अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, इस कानून ने अल्पसंख्यक लोगों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं को बांट दिया। भारत के अधिकांश मंदिरों पर सरकारों का नियंत्रण है।"

**रामलला की** प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शामिल नहीं होंगी। कांग्रेस भले ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रहे। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। उस वक्त पंडित नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण उसके एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है। इतिहास के पन्ने पलटे तो स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने मुहम्मद गजनवी द्वारा तोड़े गए भगवान सोमनाथ के मंदिर का यह कहकर पुनः निर्माण कराया था। सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सरदार स्वर्गवासी हो गए तो कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन कराया। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विरोध के बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ गए। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति करते हुए केवल तुष्टिकरण का ही सहारा लिया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में



1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर भी पहुंचा था। स्वतंत्रता के बाद से वंदे मातरम राष्ट्रगान है। इसे लेकर कहा जाता है कि जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया था। उन्होंने इसे मुसलमानों के विरोध में बताया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में तत्कालीन षिक्षा मंत्री मोहम्मद करीम छागला राज्यसभा में एक प्रस्ताव लाये थे जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदू शब्द हटाने की बात कही गई थी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मुस्लिम शब्द हटाने की बात नहीं थी। इसके विरोध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बेनियाबाग मैदान में 1965 में सभा की थी। साल 1966 को गोहत्या रोकने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहे निहत्थों संतों पर इंदिरा गांधी सरकार ने गोलियां चलवाई थी। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस सरकार द्वारा 1991 में प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू किया गया। पूजा स्थल कानून कहता है कि पूजा स्थलों की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 में थी वही रहेगी। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कानून कहता है अयोध्या राम जन्म भूमि मुकदमे के अलावा जो भी मुकदमे हैं वे समाप्त समझे जाएंगे। यह कानून अदालत के जरिये अपने धार्मिक स्थलों और तीर्थों को वापस पाने के अधिकार से वंचित करता है। कानून आक्रांताओं के गैर कानूनी कृत्यों को कानूनी मान्यता देता है। कानून हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों को अपने पूजा स्थलों और तीर्थों का वापस कब्जा पाने से वंचित करता है जबकि मुसलमानों को वक्फ कानून की धारा सात के तहत ऐसा अधिकार मिला हुआ है। वर्ष 1992 में अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, इस कानून ने अल्पसंख्यक लोगों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं को बांट दिया। भारत के अधिकांश मंदिरों पर सरकारों का नियंत्रण है। लेकिन, इसी देश में वक्फ एक्ट के तहत वक्फ बोर्ड को इतनी असीमित ताकतें दी गई हैं कि वो तमिलनाडु के तिरुचेंथुरई में स्थित एक 1500 साल पुराने मंदिर समेत पूरे गांव पर ही दावा ठोक सकता है। वक्फ बोर्ड के पास भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे बड़ी मात्र में जमीन है। नवंबर 2004 में कांग्रेस के सत्ता में आने के कुछ महीनों के अंदर ही दिवाली के मौके पर कांची कोटि पीठ के शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती को हत्या के एक केस में गिरफ्तार करवाया गया। यूपीए सरकार के दौरान मालेगांव ब्लास्ट मामले में उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने की साजिश रची गई थी। समझौता ब्लास्ट केस में पाकिस्तानी आतंकवादी पकड़ा गया था, उसने अपना गुनाह भी कबूल किया था, लेकिन महज 14 दिनों में उसे चुपचाप छोड़ दिया। इसके बाद इस केस में स्वामी असीमानंद को फंसाया गया। साल 2006 में मनमोहन सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 16 मई, 2016 को तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वकील कपिल सिब्बल ने तीन तलाक और हलाला जैसी घटिया परंपराओं की तुलना भगवान राम के अयोध्या में जन्म से कर डाली। 2016 में उत्तराखंड में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर शुक्रवार मुस्लिमों को 90 मिनट का अतिरिक्त अवकाश देने का निर्णय किया। कांग्रेस सरकार ने ही हज पर जाने वाले मुसलमानों को सब्सिडी देने की शुरूआत की थी। दुनिया में किसी और देश में यह नियम कानून नहीं था। कांग्रेस ने अमरनाथ यात्रा पर टैक्स लगाया। जुलाई, 2009 को राहुल गांधी ने अमेरिकी राजदूत टिमोथी रोमर से कहा था, भारत विरोधी मुस्लिम आतंकवादियों और वामपंथी आतंकवादियों से बड़ा खतरा देश के हिन्दू हैं। राहुल गांधी के बयान मंदिर जाने वाले छेड़खानी करते हैं, को भला कौन भूल सकता है। साल 2018 में तुगलक लेन स्थित अपने निवास पर राहुल गांधी ने लगभग दो घंटे तक मुस्लिमों नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान मुस्लिम नेताओं ने राहुल से आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि आप तो सिर्फ मंदिर जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने तो मुसलमानों को भुला ही दिया है। मुस्लिम नेताओं की बात सुनकर राहुल गांधी ने कहा कि मैं कर्नाटक में कई मस्जिदों में भी गया हूं। अब मस्जिदों में लगातार जा रहा हूं। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे हैं।

## कविता

मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले'

मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले,
फक्तियाँ,ताने सैकड़ों बन गले का हार मिले।

शौक रखता हूं भीड़ में चलने का मित्रो,
कही ठोकरे,तो कही फूलों के हार मिले।

जीवन बिता यूँ आपा धापी में ही जरा,
कही मीठे बोल तो कही कर्ण कटु प्रहार मिले।

आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं
कभी कहीं जीत मिले या गहरी हार मिले।

नए नए मुखौटे लगाये रोज मिलते है लोग,
कई जिंदगी से खुश तो कई बेजार मिले।

आओ मिलते है गले प्यार और मनुहार से,
ऐसी जिन्दगी,शाम शायद न बार बार मिले।

फिर यादो की गुनगुनी बारिश में भीग जाये,
चाहत है,ऐसी मधहोश निशा बार बार मिले।

संजीव ठाकुर

# मौत कमेटी का मीडिया ट्रायल

रामविलास जांगिड़

**सेवक** राम जी देश के जाने-माने नेता थे। उन पर इल्जाम था कि उन्होंने खूंखार ढंग से देश की सेवा की। वे एक खूबसूरत सी दुबली-पतली महिला के पति भी हुआ करते थे। सही मायने में वह उसकी पत्नी भी नहीं थी। सेवक राम जी को पता था कि उसका पिंड छुड़ाने के लिए उसे किसी कोर्ट कचहरी की परवाह किए बगैर एक ही झटके में आसानी से छोड़ा जा सकता है। महान व्यक्ति थे सेवक राम जी! पार्टी ने सेवक राम जी के मरने के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी गठित की। पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया कि बहुत पहले उसको गर्मी में ठंड लग गई थी। ठंड लगने के बाद में लू लगी और बुखार आया था। बुखार ठीक से उतरा भी नहीं कि इसी हालत में उन्हें टीबी हो गई। फिर उन्होंने चूहे मारने की दवा भी गटक ली और पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। इसी समय उन्होंने चाकू से अपना गला भी काट लिया। फिर वे छत पर गए और सावधानीपूर्वक सीढ़ियों से फिसल गए। फिसलने के तत्काल बाद अपनी रिवाल्वर ली और खुद की खोपड़ी में तीन छेद कर दिए। गोली लगी इसी दौरान उनके दोनों हाथ भी टूट गए। ऐसे भले मानुष सेवक राम जी के मरने पर कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी बैठ गई। कमेटी का मीडिया ट्रायल होता रहा। कमेटी का तो पता ही है जब एक बार बैठ जाती है, तो फिर उठने का नाम भी नहीं लेती! न्यूज चैनलों की पौ बारह हुई। मीडिया ने ब्रेकिंग न्यूज देकर सेवक राम जी को सैकड़ों-हजारों बार कई-कई विधियों से मारा। रिजल्ट ये निकला कि देश में मरने-मारने की कई कलाओं का विकास हुआ। आखिर सेवक रामजी मरे कैसे? यह राष्ट्रीय यक्ष प्रश्न बन गया। कमेटी को अपनी राय देनी थी। कमेटी ने लौकी, घास, लकड़ी, दरी, पेंसिल, खिड़की आदि की गहनता से जांच की। कमेटी को 3 महीनों में अपनी रिपोर्ट देनी थी। उसे गाड़ी, बंगला, नौकर, हवाई यात्रा जैसी मामूली सुविधाएं सरकार की तरफ से दी गई। सेवक राम जी की मृत्यु कैसे हुई इसे जानने के लिए कमेटी ने और समय मांगा। एक विशाल समारोह आयोजित कर कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 3255 पृष्ठों में सरकार को सौंप दी। इस नेक काम में मात्र 5 वर्ष ही लगे। कमेटी ने रिपोर्ट के आखिर में हरि इच्छा प्रबल कहकर मृत्यु के कारणों पे खड़ी पाई लगा दी। सेवक राम जी के पास जुए का एक बड़ा कारोबार था। वे नाजायज जुए के धंधे से खूब जायज काम किया करते थे। जुए के पैसों से उन्होंने एक विश्वविद्यालय खोला और अपने बेटे को उसमें कुलपति बना दिया। सेवक राम जी की अंत्येष्टि क्रिया के लिए जबरदस्त आयोजन हुआ। देश में जितनी भी गाड़ियां थी, उन सबको श्मशान घाट की ओर रवाना करने के लिए पार्टी ने आदेश कर दिया था। नगर पालिका, गृह मंत्रालय, दमकल विभाग, एंबुलेंस, सफाई कर्मचारी, पुलिस, स्वास्थ्य महकमा, होमगार्ड आदि की टुकड़ियां शव यात्रा में काले कपड़े पहन कर सम्मिलित हो रही थी।

## विचार

# राहुल गांधी की नई यात्रा से जुड़ी उम्मीदें

-ललित गर्ग-

**कांग्रेस के** नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आमचुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है?

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्तस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू होने जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्कत यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है

जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकलने से पूर्व एवं निकलते ही कांग्रेस को बड़े झटके लग गये हैं। पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया और अब असम में अपूर्ब भट्टाचार्य ने कांग्रेस के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में बिखराव एवं टूटन की स्थितियां सीटों के प्रश्न पर बनी हुई हैं। संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जेडीयू का यह कदम भी एक टूटन का ही प्रतीक है। भले ही मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया का अध्यक्ष बनाकर इस टूटन को ढ़ंकने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बोर्ड परीक्षा के दौरान माता-पिता की भूमिका

**विजय गर्ग**

**परीक्षा** के दौरान माता-पिता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे अपने बच्चों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। यहां कुछ भूमिकाएं हैं जिन्हें माता-पिता पूरा कर सकते हैं:

1. **भावनात्मक समर्थन:** माता-पिता भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकते हैं और घर में सकारात्मक माहौल बना सकते हैं। उन्हें अपने बच्चों को प्रोत्साहित और प्रेरित करना चाहिए, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और चिंता कम हो।
2. **दिनचर्या और कार्यक्रम:** माता-पिता अपने बच्चों के लिए अध्ययन की दिनचर्या स्थापित करने और एक कार्यक्रम निर्धारित करने में मदद कर सकते हैं। इससे उनके समय को प्रभावी ढंग से व्यवस्थित करने में मदद मिलती है और पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन सुनिश्चित होता है।
3. **उचित पोषण:** माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा के दौरान उनके बच्चों को स्वस्थ आहार मिले, उन्हें पौष्टिक भोजन और नाश्ता मिले। एक अच्छी तरह से संतुलित आहार बेहतर एकाग्रता और समग्र कल्याण में योगदान देता है।
4. पर्याप्त आराम और नींद: माता-पिता को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके बच्चों को परीक्षा के दौरान पर्याप्त नींद मिले। एक अच्छी तरह से आराम करने वाला दिमाग अधिक केंद्रित और उत्पादक होता है, और उचित नींद भी जानकारी बनाए रखने में मदद करती है।
5. विकर्षणों को कम करें: माता-पिता को अध्ययन के समय के दौरान घर में शांत और शांत वातावरण बनाना चाहिए। वे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग को सीमित कर सकते हैं और अनावश्यक शोर या रुकावट से बच सकते हैं।
6. **पुनरीक्षण सहायता:** माता-पिता अपने बच्चों के ज्ञान का परीक्षण करके और विषयों पर चर्चा करके उनकी अध्ययन सामग्री की समीक्षा करने में मदद कर सकते हैं। इससे जानकारी की समझ और अवधारण में वृद्धि हो सकती है।
7. **परीक्षा की तैयारी:** माता-पिता अध्ययन सामग्री व्यवस्थित करने, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और प्रभावी अध्ययन के लिए रणनीतियों पर चर्चा करने में सहायता कर सकते हैं।

# मां ने मुनव्वर को बनाया सबसे दुलारा शायर

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**उर्दू सा**हित्य का विशाल वटवृक्ष रविवार की सर्द शाम को नवाबों के शहर लखनऊ में ढह गया। 26 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश के जिले रायबरेली में जन्मे मशहूर शायर जनाब मुनव्वर राणा ने एक अस्पताल में अंतिम सांस लेकर नश्वर दुनिया को अलविदा कह दिया। खुदा ने उनके निधन की वजह दिल के दौरे के रूप में मुकर्रर की, जबकि थे कैंसर से पीड़ित। उनके न रहने की खबर सोमवार तड़के पूरे संसार में आग की तरह फैली, जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। बड़ी-बड़ी हस्तियों ने दुख जताया। मुनव्वर के निधन से न सिर्फ उर्दू-साहित्य को नुकसान होगा, बल्कि अवधी-हिंदी भाषा को भी गहरा धक्का लगेगा। विश्व पटल पर उन्हें अवधी का खूब प्रचार-प्रसार किया। उर्दू शायरी में नया प्रयोग करके उन्होंने देसी भाषाओं को अपनी जुबान बनाई थी। राणा की कही प्रत्येक शायरी-कविता में ऐसी तल्खियां होती थीं, जो सियासतदानां को हमेशा नागवार गुजरी। उनकी प्रस्तुति में झलकता अलहदापन सुनने वालों को अपनी ओर खींचता था। मुनव्वर राना का जन्म बेशक उत्तर प्रदेश में हुआ, लेकिन ज्यादा वक्त उन्होंने कोलकाता में ही बिताया। वहां उनके वालिद का छोटा-मोटा कारोबार था। बचपन में वह बेहद शरारती व नटखट रहे। पारिवारिक सदस्य उन्हें मोटू कहते थे, क्योंकि वह शुरू से ही शारीरिक रूप से हट्टे-कट्टे थे। पहलवानी का भी शौक था जिसका हुनर उन्होंने मदरसे में तालीम लेने के दौरान टीचर को पटक कर दिखाया था। गलती पर टीचर ने डांटा तो उन्हें चित कर दिया, उसके बाद राणा को उनके वालिद ने खूब पीटा, तभी से उन्होंने पहलवानी का शौक त्याग दिया। राणा का इंतजार पहलवानी का अखाड़ा नहीं, बल्कि साहित्य जगत कर रहा था। कविताओं ने ही उनको मोटू से मुनव्वर राणा स्थापित किया। ये नाम उर्दू-साहित्य में सदैव अदब-सम्मान से लिया जाता रहेगा। साहित्य के अलावा अन्य सामाजिक मसलों पर उनकी बेबाक टिप्पणियां भी जगजाहिर रहीं। शायरी में शोहरत प्राप्ति की जहां तक बात है, तो मुनव्वर को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि मां के स्नेह और रिश्तों पर उकेरी कविताओं से ही मिली। मां की ममता को दशार्ने वाली कविता की एक लाइन हमेशा सभी के दिलों में जिंदा रहेगी। किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में मां आई...।

## न्यूज फ्लैश

### नैनो यूरिया का छिड़काव करना न केवल आसान है बल्कि यह किसानों के लिए आर्थिक तौर पर भी फायदेमंद है : मंत्री ओम प्रकाश यादव

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा

**नारनौल** । विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को सतनाली खंड के गांव ढाणी कुम्हारान व नंगला, अटेली खंड के नावदी व खेड़ी, नांगल चौधरी खंड के नांगल चौधरी नगरपालिका कार्यालय में, सिहमा खंड के गांव गुवाणी व जाट गुवाणा में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

### ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने पेश किया अपना पहला एनएफओ – 'ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड'



**अमृतसर**: ओल्ड ब्रिज कैपिटल मैनेजमेंट द्वारा प्रायोजित किए गए ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने इक्विटी के अपने पहल ` न्यू फंड ऑफर – 'ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड'को पेश करने के साथ ही भारत के उतार–चढ़ाव भरे म्यूचुअल फंड उद्योग में अपना कदम रखा है। निवेशकों को सोच–समझकर चुनी गई कंपनियों की विकास की संभावनाओं में भाग लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करना इस ओपन–एंडेड इक्विटी स्कीम का उद्देश्य है। यह एनएफओ 17 जनवरी, 2024 से 19 जनवरी, 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक कम से कम रु. 2,500 और उसके बाद रु. 1 के गुणकों में एसआईपी निवेश के साथ इसमें भाग ले सकते हैं। एकमुश्त निवेश करने के लिए, कम से कम राशि रु. 5,000 रखी गई है। इस स्कीम को एस.एंड पी. बी.एस.ई. 500 टी.आर.आई. के आधार पर मानदंड प्रदान किया जायेगा। इस फंड का प्रबंधन निवेश की अनुभवी व्यावसायिक कंपनियों, केनेथ एंड्रेड और तरंग अग्रवाल द्वारा किया जायेगा, जो बाजार की उतार–चढाव वाली स्थितियों से लाभ प्राप्त करने के लिए अपने संयुक्त अनुभव और विशेषज्ञता से काम लेंगे। सपर अपने विचार व्यक्त करते हुए ओल्ड ब्रिज एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं ओल्ड ब्रिज कैपिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक, केनेथ एंड्रेड ने कहा, "हम पूंजी में दीर्घकालिक वृद्धि की इच्छा रखने वाले निवेशकों के लिए अपना पहला इक्विटी फंड प्रस्तुत करने को लेकर रोमांचित हैं। इस फंड की रणनीति निवेश के हमारे सिद्धांत के अनुरूप है जो अच्छे नेतृत्व और विकास की क्षमता से युक्त प्रारंभिक–चक्र वाले व्यवसायों पर पूरा ध्यान देती है।"

### उत्कर्ष बैंक और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग ने संयुक्त रूप से बैंकिंग पीओ प्रोग्राम लॉन्च किया

**गुरूग्राम**: उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग ने बद्दी विश्वविद्यालय में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य बैंकिंग में करियर बनाने की इच्छा रखने वाली युवा प्रतिभाओं को शामिल करना और उन्हें सफल बैंकरों में बदलना है इस का लक्ष्य बैंकिंग क्षेत्र में इच्छुक व्यक्तियों के करियर को आकार देना है, उन्हें एक व्यापक कार्यक्रम प्रदान करना है जिसमें शाखा संचालन, बैंकिंग उत्पाद, बिक्री, क्रेडिट, रोजमर्रा के बैंकिंग कार्य, ग्राहक सेवा और अन्य में ज्ञान और कौशल शामिल हैं। कार्यक्रम पूरा करने वाले सफल उम्मीदवारों को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा से सम्मानित किया जाएगा, साथ ही उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ पूर्णकालिक रोजगार का अवसर भी दिया जाएगा। यूएसएफबीएल के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, ह्लइंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के साथ हमारा सहयोग गतिशील बैंकरों को आकार देने और भारत में बैंकिंग क्षेत्र के विकास में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के संस्थापक, गुरसिमरन सिंह ओबेरॉय ने कहा, बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिभा पूल बनाने के लिए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ सहयोग करना युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पूर्णकालिक रोजगार के अवसरों के साथ, शिक्षा और कैरियर विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है।"



# 'नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा'

## ग्रामीणों के घर-द्वार पर पहुंच कर अधिकारी दे रहे योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा (सोनीपत)**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। सोमवार को संकल्प यात्रा खरखौदा तहसील क्षेत्र के गांव रिढाऊ तथा फरमाणा लुरजन में पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने सभी लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। ऑनलाइन प्रणाली से अब घर लोगों के घर बैठे हो रहे हैं काम- चेयरपर्सन मोनिका दहिया



चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के हित में नई-नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है, जिनका जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। योजनाओं के ऑनलाइन होने से अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में पहुंच कर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और लाभ उठाएं। इस यात्रा के दौरान सभी विभागों द्वारा स्टॉलें लगाई जा रही है और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। चेयरपर्सन ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से गरीब व पिछड़े लाभार्थी केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। सरकार का मानना है कि अंतिम व वंचित व्यक्ति के विकास के बिना आत्मनिर्भर व विकसित भारत की कल्पना संभव नहीं। देश तभी आत्मनिर्भर व विकसित बनेगा जब इसके नागरिक ह्यआत्मनिर्भर व विकसित होंगे। सरकार समाज के अंतिम व वंचित वर्ग को विकास में बराबर का भागीदार बना रही है।

## हर हिंदू के दिल में भगवान श्रीराम के लिये विशेष स्थान: बिंदल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**

**प्रदेश वरिष्ठ** भाजपा नेता अमित बिंदल ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे दिलों में बसते हैं। हर हिंदू के दिल में भगवान श्रीराम के लिये विशेष स्थान है। पिछले 500 सालो से हर हिंदू राम मंदिर के बनने का सपना देख रहा था। ये सपना अब मोदी राज में मुमकिन हो पाया है। अमित बिंदल सोमवार को अपनी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा लेकर गोहाना पहुंचें थे। इस दौरान गोहाना विधानसभा के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अमित बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सर्वमान्य नेता हैं। आज के समय में भारत देश जिस तेजी से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर उभर कर सामने आ रहा है, उससे स्पष्ट है कि जल्द ही भाजपा फिर से विश्वगुरु का दर्जा हासिल कर लेगा। भाजपा नेता अमित बिंदल ने लोगों से आह्वान किया कि वे आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को फिर से वोट दें और प्रचंड बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं। इस दौरान परशुराम चौक पर पहुंची यात्रा का लोगों ने स्वागत किया। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के अलावा स्थानीय निवासियों ने भी यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया।

## डा.अर्चना गुप्ता ने सेक्टर 24 में चलाया स्वच्छता अभियान

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सैंकड़ों** वर्षों की प्रतीक्षा के बाद 22 जनवरी को वो पल आ रहा है जिसका हम सब इंतजार कर रहे हैं। प्रधान मंत्री मोदी के प्रयासों से राम मंदिर का निर्माण आरंभ हुआ अब प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। ये शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर सेक्टर 24 शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहे।

डा.अर्चना गुप्ता ने कहा की प्राण प्रतिष्ठा अपनी आंखों से देखना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने आह्वान किया।

# 'राजनीति में प्रवेश के इच्छुक युवाओं को लड़नी होगी लंबी लड़ाई'

## ईडी, सीबीआई भाजपा के हथियार , विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास हैं जारी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। राजनीति** में प्रवेश के इच्छुक युवाओं को इस क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी होगी। सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने का वायदा किया था ,लेकिन अभी तक सरकार ने अपना वायदा पूरा नहीं किया है। वहीं मौजूदा नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा विपक्ष को सीबीआई और ईडी का डर दिखा जबरन चुप करवाया जा रहा है। तमाम परिस्थितियां दर्शा रही हैं कि अब लोकतंत्र को मजबूत करने की बजाय इसे खोखला किया जा रहा है। उक्त बातें पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने कस्बा नांगल चौधरी के पूर्व सरपंच चौधरी मालाराम के आवास पर आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन के उपरांत पत्रकारों के समक्ष व्यक्त किए । सतपाल मलिक ने कहा कि वह किसी राजनैतिक दल में नहीं हैं ,लेकिन यह भी सच्चाई है कि आज विपक्ष भी मोदी सरकार से डरा सहमा चुप चाप बैठा है । उन्होंने दोहराया कि कुछ दिन पहले ही मौजूदा सरकार ने ड्राइवरों के लिए दुर्घटना संबंधित नया कानून लाया गया था , लेकिन उक्त कानून का घोर विरोध हुआ और सरकार को बैक फुट पर आते हुए आखिर मजबूरन यह घोषणा करनी पड़ी कि अभी इस कानून को लागू नहीं किया जायेगा। सतपाल मलिक ने कहा कि वह उक्त कानून का विरोध करेंगे । मालिक ने किसान आंदोलन का जिक्र करते कहा कि किसानों ने अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलन किए था । सरकार ने किसानों के आंदोलन को कुचलने के लिए अनेकों हथकंडे अपनाए , लेकिन आंदोलन को नेस्तनाबूद करने की सरकार मंशा कामयाब नहीं हो पाई। आखिर सरकार ने फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वायदा किया और किसानों की मांगों को माना भी , लेकिन एक अरसा बीत गया अभी तक किसानों को उनकी फसल का समर्थन मूल्य नहीं मिला पाया है।



## 35वें राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत ट्री ऑफ रेमेम्ब्रांस का आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आईबी** महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, एनसीसी, एनएसएस इकाई द्वारा मनाये जा रहे 35वें राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत आज ट्री ऑफ रेमेम्ब्रांस का आयोजन किया गया। कॉलेज के गर्ल्स विंग में एक वृक्ष का चयन किया गया। जिसके ऊपर रोड सेफ्टी से संबंधित सेफ्टी सिंबल्स को लटकाया गया ताकि आते जाते विद्यार्थी उस वृक्ष पर लगे यह सिंबल को देख सकें एवं सडक सुरक्षा के नियमों का पालन कर सकें। इस वृक्ष को तैयार कराने में प्रो.पूजा, प्रो.नीरू का खास योगदान रहा। प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने कहा की सडक सुरक्षा सप्ताह मनाने का मुख्य उदेश्य आम जनता को इस बारे में जागरूक करना है। जनवरी माह में धुंध के कारण एक्सीडेंट्स ज्यादा होते हैं तो लोगों को ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. अश्वनी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस के लगभग 35 विद्यार्थी, एनसीसी के 40 कैडेट्स एवं संस्कारशाला क्लब के लगभग 40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रो.रंजना शर्मा, डॉ.सुनीत शर्मा, डॉ.निधान सिंह, डॉ.विक्रम कुमार, डॉ.पूनम मदान, डॉ.प्रवीन कुमार, प्रो.राजेश कुमार,डॉ.जोगेश बांगर, प्रो.माधवी, प्रो.विनय भारती, प्रो.प्रीती, प्रो.अंजू और ललित कुमार उपस्थित रहे।

## कराटे चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज के परमजीत व आरती ने जीते स्वर्ण पदक

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कुरूक्षेत्र** विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित इंटर कॉलेज कराटे चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने 8 मेडल जीत कर कॉलेज नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि कुरूक्षेत्र में इंटर कॉलेज कराटे चैंपियनशिप का आयोजन करवाया गया था। जिसमें आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने दो गोल्ड, दो सिल्वर व चार ब्रॉन्ज मेडल जीत कर अपने कॉलेज और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज के बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र परजीत व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा आरती ने कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, बीसीए प्रथम वर्ष के पुष्पम व वंदना ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं बीकॉम प्रथम वर्ष के अमन, बीएएमसी द्वितीय वर्ष के प्रीतम, बीए तृतीय वर्ष की माफी व बीवीएफ डी द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। डॉ.गुप्ता ने बताया कि परमजीत,आरती,पुष्पम व वंदना का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कैंप के लिए भी हुआ है। साथ ही उन्होंने आज सभी विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, प्राध्यापक डॉ.राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल,राजा तोमर व सुनील कुमार को इस सफलता के लिए बधाई दी।

## देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में चलाई जाएं बसें : देशवाल

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**छात्र** संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के छात्र नेता बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉंलेज सैक्टर 18 में छात्र छात्राओं की बसों की समस्या को लेकर पुराने बस अड्डे पर डीआई को रोड़वेज ड्यूटी आफिस में ज्ञापन सौपा तथा राजकीय कॉंलेज में बसें चलाने की मांग की। इनसो नेताओं ने बताया की देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉंलेज के छात्र छात्राओं को कॉंलेज आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉंलेज शहर से कई किलोमीटर दूर सैक्टर 18 में स्थित है । कॉंलेज में छुट्टी के समय कोई बस नहीं है जिससे छात्र छात्राओं को कॉंलेज से पैदल टोल टैक्स जीटी रोड जाना पड़ता है जबकि वहां भी कई-कई घंटे छात्र टोल टैक्स पर खड़े रहते हैं। इसके बाद भी बसों के चालक-परिचालक बसों की खिडकियों को नहीं खोलते।

# गुर्जर समाज की अनदेखी बर्दाश्त नहीं: पसीना

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा प्रदेश** में गुर्जर समाज की सरेआम अनदेखी की जा रही है। पिछड़ा वर्ग बीसीबी में जो पहले गुर्जर समाज को आरक्षण मिलता था उसमें भी हरियाणा सरकार ने कटौती करने का काम किया है। आईएएस व आईपीएस रैक से रिटायर अधिकारी को सरकार कोई ना कोई जिम्मेदारी देती है जबकि हरियाणा सरकार में डीजीपी पद से रिटायर डा.के.पी.सिंह की सरकार ने अनदेखी कर साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार गुर्जर समाज की अनदेखी कर रही है। उक्त बातें हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों ने पानीपत के ऊझा रोड स्थित गुर्जर भवन में बोलते हुए कही। साथ ही जल्द से जल्द प्रदेशस्तरीय गुर्जर सम्मेलन करने की बात कही। गुर्जर भवन में पूर्व जिला पार्षद व गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना की अध्यक्षता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों की बैठक आयोजित हुई। बैठक के संचालन के लिए जयपाल छौक्कर को प्रधान नियुक्त किया गया। मंच संचालन मा.मुकेश बोस व पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र जलमाना ने किया। बैठक में प्रधान कर्ण सिंह ने कहा कि अगर हमें समाज हित में कार्य करने हैं तो एकता का परिचय देना होगा और सरकार को अपनी ताकत दिखाने के लिए प्रदेश स्तरीय गुर्जर सम्मेलन करना होगा ताकि सरकार को गुर्जर समाज की ताकत का पता चल सके। पसीना ने कहा कि जो पार्टी गुर्जर समाज की अनदेखी करेगी,समाज भी उस पार्टी की अनदेखी करने से पीछे नहीं हटेगा। वहीं प्रदेश स्तरीय गुर्जर महासम्मेलन पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों ने सहमति जताते हुए तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा गुर्जर सभा के प्रधानों व पदाधिकारियों ने मृत्यु भोज पर रोक लगाने पर सहमति जताई और जल्द ही उक्त मामले में एक बैठक बुलाने का निर्णय लिया। इस मौके पर गुर्जर सभा पंचकुला के प्रधान महाबीर छौक्कर,गुरुग्राम प्रधान रामगोपाल तंवर,सोनीपत प्रधान बलजीत सिहं भडाना,करनाल प्रधान श्यामलाल चैची,कैथल से सुरेश तंवर,कुरूक्षेत्र गुर्जर धर्मशाला ओमप्रकाश, हिसार से कृष्ण खटाना, पलवल से सतबीर पटेल, समालखा प्रधान जयसिंह, कैराना से मांगेराम, यमुनानगर से प्रेमपाल सिंह, पूर्व एसडीएम प्रेमसिहं कुरूक्षेत्र, पूर्व डीएफओ सूरजभान,डा.कृष्णदेव शास्त्री,अनुप,जगबीर पलवल,तेजपाल सोनीपत,सतीश बोस,अम्बर रावल, पूर्व सरपंच कटार सिंह,सतपाल रावल व सुरेश तंवर आदि मौजूद थे।

**सम्मेलन**

> 8 सरकार को अपनी ताकत दिखाने के लिए प्रदेश स्तरीय गुर्जर सम्मेलन करना होगा

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पानीपत होगा राममय

## 21 को निकलेगी शोभा यात्रा, सभी संस्थाएं आई एक मंच पर, होगा भव्य कार्यक्रम

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आगामी** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पानीपत में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा। यह शोभा यात्रा 21 जनवरी को सांय 4 से 8 बजे तक जीटी रोड पर आयोजित होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस शोभा यात्रा में शामिल हो अपना शुभ संदेश भी देंगे। सोमवार को जिला सचिवालय में पानीपत की सभी धार्मिक,सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाएं इस भव्य शोभा यात्रा को सफल बनाने को एक मंच पर आई जिसमें मुख्य रूप से करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार,पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज,भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर संस्थाओं के समक्ष गहन मंथन किया।



उपयुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने सभी संस्थाओं को आश्वस्त किया कि प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर निकलने वाली इस शोभायात्रा में जिला प्रशासन हर तरह सहयोग प्रदान करेगा और किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। कानून व्यवस्था संभालने के लिए विभिन्न ड्यूटी मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी भी लगाए जाएंगे। यही नहीं जगह-जगह एम्बुलेंस भी तैनात होंगी और मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा।

**रूपरेखा**

> 8 कानून व्यवस्था संभालने के लिए विभिन्न ड्यूटी मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी भी लगाए जाएंगे

# गुलजारी लाल नंदा के जीवन के संघर्ष को लेकर होगा राष्ट्रीय सेमिनार

## विधायक सुभाष सुधा, कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, जिप सीईओ अशोक मुंजाल ने दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र के विकास की आधारशिला रखने और पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की सोच के रचयिता भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की 26वीं पुण्यतिथि पर कुरुक्षेत्र को विश्व पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने का प्रण लिया गया। इसके साथ ही भविष्य में भारत रत्न नंदा के आदर्शों और जीवन के संघर्षों को लेकर 4 जुलाई को जयंती समारोह पर राष्ट्रीय सेमिनार जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से किया जाएगा। इसके साथ ही जयंती दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाएगा।



भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीगुलजारी लाल नंदा की 26वीं पुण्यतिथि पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में सदाचार स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, विधायक सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, जिला परिषद के सीईओ अशोक मुंजाल, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, जिला परिषद के वाईस चेयरमैन डीपी चौधरी, डीवाईसीए के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रोफेसर शुचिस्मिता, समाज सेवी विजय सभ्रवाल, समाज सेवी कृष्ण धमीजा, केडीबी सदस्य डॉ. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. एमके मोदगिल, युधिष्ठिर बहल, विनोद शर्मा, खरैती लाल सिंगला, समाज सेवी प्रदीप झांब प्रोफेसर एसएन गौड़, केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर एके चौधरी, डा. श्रीप्रकाश मिश्रा, राजेंद्र राणा, अमरनाथ सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नंदा की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। इसके बाद सभी ने नंदा स्मारक स्थल पर नंदा की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किए। इस दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की तरफ से भजनों की प्रस्तुति दी गई। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि कुरुक्षेत्र को विकसित करने में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न गुलजारी लाल नंदा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

**प्रण**

> 8 नंदा की 26वीं पुण्यतिथि पर कुरुक्षेत्र को विश्व पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने का प्रण लिया गया

# विद्यालय अध्यापक संघ 4 फरवरी की आक्रोश रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेगा: विरेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ कुरुक्षेत्र की जिला स्तरीय मिटिंग विरेंद्र सिंह जिला प्रधान कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई।जिस का संचालन जिला सचिव सुदर्शन कुमार ने किया।आज की मीटिंग में विरेंद्र सिंह जिला प्रधान अध्यापक संघ व जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से बताया कि 4 फरवरी 2024 को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा रोहतक में आयोजित आक्रोश रैली को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ अपने मांग मुद्दों को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होगा। आज की मीटिंग में मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भंग करवाने, नियमितीकरण की नीति बनवाने, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, कौशल रोजगार निगम को समाप्त करवाने, सार्वजनिक सेवाओं के क्षेत्र का विस्तार करवाने, शक्तियों के विकेंद्रीकरण, आरक्षित श्रेणियों के बैक लाक को पूरा करवाने,वेतन विसंगतियां दूर करवाने तथा हरियाणा का अलग से आयोग गठित करवानें आदि मांगों को लेकर आक्रोश रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेगा।



# पाल समाज के हजारों लोगों ने समाज की मांगों को लेकर भरी हुंकार

## हजारों की संख्या में पहुंचे पाल समाज के लोगों ने एकजुट होकर सरकार के प्रति गहरा आक्रोश जाहिर किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
धर्मनगरी कुरुक्षेत्र सन्निहित सरोवर के पास स्थित पाल धर्मशाला में आयोजित पाल डरिया जागृति सम्मेलन में हजारों की संख्या में पहुंचे पाल समाज के लोगों ने एकजुट होकर सरकार के प्रति गहरा आक्रोश जाहिर किया और समाज की मांगों को पूरा न होते देख लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। समाज के हर व्यक्ति के मन में सरकार के प्रति आक्रोश देखने को मिला। सम्मेलन में पाल धर्मशाला में पाल, बघेल, गड़रिया समाज के हजारों लोगों ने समाज को अनुसूचित जाति में शामिल न करवाने को लेकर हरियाणा सरकार के खिलाफ भारी रोष प्रदर्शन किया तथा सभी ने हाथ उठाकर अपना रोष जताया। धर्मशाला के प्रधान शमशेर बड़थल ने कहा कि गड़रिया समाज के लोगों में हरियाणा सरकार



की वादाखिलाफी के प्रति भारी आक्रोश है। भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष रामबिलास शर्मा ने साल 2014 के अपने चुनावी मैनिफेस्टो में पाल गड़रिया समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने का वादा किया था, लेकिन आज 10 साल बीत जाने के बाद भी हरियाणा में भाजपा सरकार ने इस समाज के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा सरकार ने इस समाज के वोट बैंक को सिर्फ लोलीपॉप पकड़ाकर अपने चुनावी जीत के लिए इस्तेमाल किया। आज भी ये समाज खुद को ठगा हुआ सा महसूस करता है। लेकिन जैसे ही चुनाव सामने आते हैं, तो ये चुनावी मेंढ़क फिर नए वादों का पिटारा लेकर इस समाज के वोटों को ऐंठने का काम करते हैं। 5 जुलाई साल

**रोष**

**8 तो ये चुनावी मेंढ़क फिर नए वादों का पिटारा लेकर इस समाज के वोटों को ऐंठने का काम करते हैं।**

2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पाल गड़रिया समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की घोषणा की, और 7 जुलाई 2020 को एससी के सर्टिफिकेट बनाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी। लेकिन इस अधिसूचना पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। इस पर हरियाणा सरकार ने आज तक कोई उचित कानूनी पैरवी नहीं की। भाजपा सरकार ने सरकार की ओर से कोई पैरवी नहीं की और न ही प्रयास किया। रमेश व चंदगी राम ने कहा कि पिछले 9 सालों से भाजपा ने कोई समाज का कोई भी बड़ा कार्य नहीं किया और एससी में शामिल किया उन्होंने मांग की है कि सरकार समाज की मांगों को गौर करें ताकि समाज गरीबी से उभर सके। समाज की मांगों को लेकर पाल गडरिया धर्मशाला एसोसिएशन की कार्यकारिणी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मिलकर कई बार गडरिया समाज को पुनः एससी में शामिल करने की मांग रखी, लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिला और आज भी हरियाणा का गडरिया समाज ठगा हुआ महसूस करता है जबकि ये संवैधानिक अधिकार तो गड़रिया समाज को 1953 में ही मिल गया था। लेकिन पिछले 70 सालों से राजनीतिक पार्टियों और सरकारों की उदासीनता की वजह से ये समाज अभी तक अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित है।

# नन्हेड़ा में गुरु पर्व के उपलक्ष में नगर कीर्तन आयोजित

**प्रकाश उत्सव**

**एस.जी.पी.सी. ने नगर कीर्तन आनंद विहार चौक पर पहुँचने पर पाँच प्यारों को हार व सिरोपा डाला**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
साहिब-ए-कमाल दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के प्रकाश उत्सव की खुशी में गावँ नन्हेड़ा के गुरुद्वारा साहिब से महान नगर कीर्तन श्रीं गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्र छाया में व पाँच प्यारों की अगवाही में प्रारंभ हुआ जो विद्या नगर कॉलोनी, आनंद विहार कॉलोनी, नन्हेड़ा मार्किट, मिलाप नगर, नन्हेड़ा गाँव, गुरुद्वारा दशमेश दरबार से होता हुआ देर शाम को वापस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में संपन्न हुआ। जगह जगह रास्ते में संगत ने बड़ी भावना व श्रद्धा से माथा टेका व प्रशाद बाँटा व स्वागत



किया। जथेदार हरपाल सिंह मच्छौंडा मेम्बर एस.जी.पी.सी. ने नगर कीर्तन आनंद विहार चौक पर पहुँचने पर पाँच प्यारों को हार व सिरोपा डाल कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। जथेदार हरपाल सिंह मच्छौंडा ने बधाई देते हुए कहा सरबन्सदानी, महान परोपकारी, अमृत के दाते श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी जिन्होंने अपना सभ कुछ देश व कोम पर निछावर कर दिया जिनके किए परोपकार को देश कभी भुला नहीं सकता। आज अगर कहीं देश में हर व्यक्ति खुश है, फखर व धार्मिक तोर पर आजादी से जी रहा है तो इसके पीछे केवल गुरु गोबिंद सिंह जी व उनके परिवार की महान शहादत की देन है। भाई नंद लाल जी ने अपने कथन में कहा है जो हम अक्सर पढ़ते व सुनते भी हैं- वहि प्रगटियों मर्द अगमड़ा, वरियाम अकेला। वाहो- वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला।

# शहर विधानसभा के सभी गांवों में पहुंचे विधायक, 72 गांवों में हजारों लोगों से किया जनसंपर्क

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिये खुशहाली लेकर आई है। विधायक असीम गोयल ने इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से 72 गांवों को कवर करते हुए हजारों ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और ग्रामीणों की मौके पर ही समस्याओं को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को इन समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिये हैं। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा इन शिकायतों का निवारण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। विधायक असीम गोयल ने बताया कि अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत उन्होंने गांव डेलू माजरा से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री हरियाणा श्री मनोहर लाल ने इस यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को जोडकर एक अनूठी पहल की है। जनसंवाद कार्यक्रम को जोडने से ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद हुआ और उनकी व उनके गांव की जो भी समस्याएं थी, उनको भी जानने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को बारीकी से समझा है। इस दौरान ग्रामीणों की जो समस्याएं सामने आई, उनमें



**संवाद**

**8 गोयल ने संकल्प यात्रा के माध्यम से 72 गांवों को कवर करते हुए हजारों ग्रामीणों से सीधा संवाद किया**

बिजली निगम, जनस्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभाग शामिल हैं। सरकार ने घर-द्वार पर आकर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निवारण करने का काम भी किया है। विधायक असीम गोयल ने इस दौरान यह भी बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत करीबन 3000 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम करते हुए उन्हें मौके पर ही आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये। इसके साथ इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 10 हजार लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा लगभग 250 लोगों की पैंशन बनाने का काम किया गया और इन लाभार्थियों को भी मौके पर ही प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रमों के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा करीब 170 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम करवाया गया व 150 बच्चों का अन्न परासन भी शुरू करवाया गया। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जन-जन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं बारे भी जानकारी दी गई और जो भी योग्य पात्र था, उसका मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम किया गया है। अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रमों के माध्यम से आधा दर्जन गांवों में विकास कार्यों की सौगात भी ग्रामीणों को मिली है।

## जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की खाद्य सामग्री

**महेन्द्रगढ़।** केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व सदस्या एवं भाजपा नेत्री एडवोकेट चंद्रकला खातोद ने सतनाली मोड़ स्थित झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली गरीब महिलाओं को शॉल, मूंगफली व रेवड़ियां वितरित की।

उन्होंने कहा कि जनवरी का महीना ठंड व दान पुण्य का महीना हैं। इसलिए सभी सामर्थ्यवान लोगों को दान-पुण्य करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने परमपिता परमेश्वर से लोगों की दीघार्यु व स्वस्थ्य बने रहने व युवा पीढ़ी से संस्कारवान बनने की कामना की ताकि हमारा देश देश फिर से विश्व गुरु बन जाए।

# दिलबाग ने अवकाश के दौरान गौ माता-पक्षियों की सेवा की

**बीमार गौमाता**

**8 कामी रोड पर स्थित गौशाला में 15 दिन लगातार सुबह बीमार गौमाताओं की सेवा की**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शरद कालीन अवकाश के दौरान प्राध्यापक ने कामी रोड पर स्थित गौशाला में 15 दिन लगातार सुबह बीमार गौमाताओं की सेवा की । जिसमें की गोबर उठाना ,बाडे में झाड़ू लगाना ,शाम का चारा निकलना, पानी पिलाना, खुरा फेरना, प्रतिदिन दो कटे चारा डालना। गौमाताओं की सेवा करने



में आनंद मिलता है इस दौरान 9 जनवरी को प्राध्यापक की माताजी की पुण्यतिथि भी आती है इस अवसर पर गौ माता को 15 कट्टे चारा डालना, हवन यज्ञ करवाना , जरूरतमंद को भोजन खिलाना । गौ माताओं की सेवा करने की प्रेरणा राज सिंह मलिक गामडी वाले से मिली। गौमाताओं की सेवा के अतिरिक्त रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर में भाग लेना, मूक प्राणियों को दाना पानी डालना ,बिस्कुट खिलाना, ठंड से बचने के लिए कुत्तों का आश्रय बनाना ,जरूरतमंदों को कंबल बांटना, स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन संस्था में विद्यार्थियों को निःशुल्क पढ़ाना आदि कार्य स्टेट अवार्डी अध्यापक करता रहता है।
16/01/2024 को विधालय खुल जाएगें इसके उपरांत अवकाश के दिन सुबह-सुबह गौभक्त को गौमाताओं की सेवा करने का अवसर प्रदान होगा।

# कुश्ती दंगल का विषेश महत्व: स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/**
शाहबाद (दलबीर मलिक शाहाबाद के गांव सुरखपुर में जसवीर पहलवान के द्वारा आयोजित आठवां विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच और जसवीर पहलवान व कमेटी द्वारा कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगाऔर मिहा सिंह रंगा को विशेषतोर पर आमंत्रित किया गया ।आयोजित कमेटी ने मिहा सिंह रंगा को पगड़ी पहनाकर और स्वीटी रंगा को सिरोंपा पहनाकार कर सम्मानित किया। मिहा सिंह रंगा और स्वीटी रंगा से बेटियों की कुश्ती का शुभारंभ



करवाया गया। मिहा सिंह रंगा और स्वीटी रंगा ने कहा कि इस प्रकार के विशाल दंगलों का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए ।यह हमारे भारतीय संस्कृति की पहचान है । उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर ताकतवर बनता है और खेलों से खिलाड़ी में अनुशासन, स्पर्धा और स्वावलंबन की मानसिकता विकसित होती है। देश में हरियाणा का कुश्ती

**आमंत्रित**

**8 जसवीर पहलवान व कमेटी द्वारा कांग्रेस नेत्री रंगा और मिहा सिंह रंगा को विशेषतोर पर आमंत्रित किया गया**

दंगल में सबसे पहले नाम आता है। युवा साथी संकल्प लें कि नशे जैसी बीमारी से दूर रहेंगे और खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इस अवसर पर इलाके के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया

**सोनीपत:** समाज के अंतिम व्यक्ति तक केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को हर सभी पात्र लोगों के घर द्वारा पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित संकल्प यात्रा सोमवार को गांव भुर्री तथा कामी पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा को जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत गांव भुर्री में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। इसके लिए देश के हर नागरिक को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जागृत होना चाहिए तथा सभी को यह सोचना चाहिए कि हमें अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि लोगों में राष्ट्र के प्रति चेतना उत्पन्न कर राष्ट्र को आगे ले जाना है तथा आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। विधायक ने कहा कि सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पंक्ति में आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोडने का कार्य करेगी।

# आप के 22 से अधिक पदाधिकारियों ने पार्टी पर लगाए अनदेखी के आरोप

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आम आदमी पार्टी को कुरुक्षेत्र में एक और झटका लगने जा रहा है। दरअसल कुरुक्षेत्र के हल्का थानेसर के सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित सर्कल इंचार्ज और ग्राम सचिवों ने पार्टी में अनदेखी का आरोप लगाते हुए पार्टी को संयुक्त रूप से पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष रहे जगबीर जोगनाखेड़ा ने पार्टी में अनदेखी व उच्च पदाधिकारियों की तानशाही के चलते पार्टी को अलविदा कह दिया था। वही आज पार्टी को अलविदा कहने वाले राज्य सह सचिव,जिला संयुक्त सचिव,ब्लॉक अध्यक्ष,सर्कल इंचार्ज और ग्राम सचिवों का कहना है कि आम आदमी पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताकर पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती के लिए काम किया, लेकिन पार्टी की कथनी और करनी में अंतर है। पार्टी में संगठन और सिस्टम नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए एक-एक कार्यकर्ताओं जोड़ा है। लेकिन पार्टी ने काम करने वालों को नजरअंदाज किया है।
जिसके चलते कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जगबीर जोगनाखेड़ा के समर्थन में पार्टी छोड़ने का एलान किया है।

# 'कला में निखार के लिए कौशल को निखारना बहुत आवश्यक'

## कुवि के ललित कला विभाग में छह दिवसीय कला प्रदर्शनी सॉल ऑफ आर्ट माइंड का शुभारंभ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कलाकारों ने कला के माध्यम से प्रकृति, वातावरण व समाज सेवा जैसे विषयो को चित्रित कर अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है जो हमें भी समाज और प्रकृति के लिए गहन चिंतन की ओर अग्रसर करता है। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के ललित कला विभाग में सोमवार को ललित कला विभाग एवं दिल्ली के गैर सरकारी संगठन पनाश के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय कला प्रदर्शनी सॉल ऑफ आर्ट माइंड



के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरांत बोल रहे थे।कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि कला में निखार के लिए कौशल को निखारना बहुत आवश्यक है। विद्यार्थियों का यह कार्य सराहनीय है और इस सफल आयोजन के लिए सभी बधाई के पात्र हैं।प्राच्य विद्या संकाय अधिष्ठाता एवं ललित कला विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. रामविरंजन ने कहा कि कला में मृतप्राय जीवन को भी जीवंत कर देने की अद्भुत क्षमता होती है। कला और कलाकारों को उचित प्रोत्साहन अगर

**उदाहरण**

**8 प्रकृति, वातावरण व समाज सेवा जैसे विषयो को चित्रित कर अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है**

मिलता रहे तो कला कमाल कर सकती है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी 20 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।इस प्रदर्शनी में देशभर से उत्कृष्ट कलाकारों ने भाग लिया जिसमें वरिष्ठ अतिथि कलाकार प्रो. रामविरंजन, नवल किशोर, दीपक शर्मा डॉ. रवींद्र सिंहत्र, जितेंद्र सिंह, भारती आर्य, शेखर उज्जैनवाल एवं प्रतिभागी अनुराधा गुप्ता, अंजू डागा, चारुल नेगी, अंजुल राणा, सोनिका, रवींद्र नाथ जाना, पूनम सोनी, अनूप, मानसी, हरिओम सिंह रावत, रणवीर सिंह ठाकुर व विशाल जांगड़ा ने अपना कार्य प्रदर्शित किया।इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार, सुशील कुमार, डॉ. राकेश बानी, डॉ. जया दरोंदे, डॉ. आरके सिंह, आरएस पठानिया, कुलदीप सिंह, राजेश कुमार, इशू जिंदल, ममता, जगदीप सिंह सहित सभी शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जय मां दुर्गा जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा आज से आरंभ हुआ भव्य श्री राम कथा आयोजन

## -ब्रह्म सरोवर के मां कात्यायनी मंदिर से दुःख भंजन महादेव मंदिर तक निकली विशाल कलश यात्रा, बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर साथ साथ चलीं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जय मां दुर्गा जय श्री महाकाल ट्रस्ट एवं मां बाला सुंदरी यज्ञशाला मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार से श्री राम कथा का आयोजन आरंभ हुआ। जानकारी देते हुए आयोजन समिति सदस्य अंकुश गुप्ता एवं विनीत गर्ग ने बताया कि सुबह ब्रह्म सरोवर के मां कात्यायनी देवी मंदिर से दुःख भंजन महादेव मंदिर तक विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसे विधायक सुभाष सुधा ने झंडी देकर रवाना किया। कथा आयोजन समिति सदस्य सुरेंद्र शर्मा बारना, पंडित राजेश मौदगिल, सचिन गुप्ता, जतिन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता और अंकुश गुप्ता से आचार्य बलराम गौतम ने विधिवत पूजन संपन्न करवाया, तत्पश्चात कथा व्यास संत करुणदास महाराज एवं महंत रूद्रपुरी महाराज, मौनी बाबा, महंत राजेंद्र पुरी, शुकदेवाचार्य एवं स्वामी हरिओमदास परिव्राजक आदि संतों को तिलक



लगाकर यथोचित सम्मान किया गया। आचार्य गोपाल गौतम, अनिल गौतम, सोमनाथ गौतम व पंडित रूद्र गौतम के मार्गदर्शन में पराशक्ति साधक वेद पाठशाला के सभी विद्यार्थियों ने स्वस्ति वाचन किया। कलश यात्रा की अगुआई छात्र संगठन बी.पी.एस.ओ. के कार्यकताओं ने हाथों में श्रीराम ध्वज के साथ की। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर साथ साथ चलीं। ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद किया गया और संतों ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। कलश यात्रा से पूर्व सभी श्रद्धालुओं को श्रीराम पताका, निमंत्रण पत्रिकाएं एवं राम नाम के पटके वितरित किए गए।



वहीं, श्री जय मां अंबे सेवा समिति के सदस्य मनोज गुप्ता की ओर से जलपान की सेवा दी गई। राम जी से राम राम कहियो-कहियो जी हनुमान जी..., मेरे मन में बसे हैं राम-मेरे तन में बसे हैं राम..., राम जी की सेना चली...और हे रोम रोम में बसने वाले राम... इत्यादि भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमे। जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कथास्थल दुःखभंजन महादेव मंदिर में कलश यात्रा के संपन्न होने उपरांत मुख्य यजमानों द्वारा व्यासपीठ की पूजा हुई, तत्पश्चात 11 दिवसीय श्री राम कथा अनुष्ठान विधिवत आरंभ हुआ। कलश यात्रा में

**रामधुन**

**8 सुबह ब्रह्म सरोवर के मां कात्यायनी देवी मंदिर से दु :ख भंजन महादेव मंदिर तक विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया**

जिला परिषद उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति के महासचिव रमेश शर्मा, अखिल भारतीय सारस्वत ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा निंदी, मां शाकंभरी देवी सेवक मंडल के अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली,भारत भूषण सिंगला, गोपाल शर्मा, चंद्रभान कौशिक, राहुल तंवर एडवोकेट, सुंदर वालिया, विकास सिंगला, प्रदीप झांब सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# मुफ्त कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया

## इस कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को लगभग 250 उच्च गुणवत्ता वाले कंबलों का वितरण किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मकर सक्रांति** पर एक हृदयस्पर्शी पहल में, मानव सेवा ट्रस्ट, सोनीपत ने जरूरतमंद लोगों के लिए मुफ्त कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्ष सुमीत अलख और सचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को लगभग 250 उच्च गुणवत्ता वाले कंबलों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव क्रमशः सुमीत अलख और राकेश शर्मा ने पूरे कार्यक्रम का संचालन अटूट समर्पण के साथ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कंबल उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है, जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान की गई और उन्हें पानीपत से उत्कृष्ट गुणवत्ता के मिंक कंबल प्रदान किए गए। श्री तारा चंद गांधी इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और इस कार्यक्रम में विशिष्टता का स्पर्श जोड़ा। इस कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए संजय कोहली, आरपी हुडा, आरके सरदाना, जुगल ज्योति, पवन शर्मा, मंटू शर्मा, सीएल सहगल, कोषाध्यक्ष भूपेश चांदना, सेवादार कश्मीरी लाल, विनय सोनी, एमजी रंजन और यशपाल डुडेजा सहित कई अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमीत अलख और सचिव राकेश शर्मा सहित इन लोगों के सामूहिक प्रयास से आयोजन सफल हुआ। विशेष आर्थिक योगदान में गौतम सचदेवा, विजय मालिक, तारा चंद गांधी,कृष्ण पल शर्मा, यशपाल दुदेजा, महेंद्र पाल वसिष्ठ, एमजी रंजन, आरपी हुडा , सुनिल मुसाफिर एवं विनय सोनी,

**वितरित किया**

**8 सचिव क्रमशः सुमीत अलख और राकेश शर्मा ने पूरे कार्यक्रम का संचालन अटूट समर्पण के साथ किया**

का आभार।

मानव सेवा ट्रस्ट (पंजीकृत), लगभग चार दशक पहले स्थापित और 1978 में पंजीकृत, मानवता के लिए सामाजिक कल्याण के बुनियादी सिद्धांतों पर काम करता है। संगठन जाति, पंथ, धर्म या भाषा के आधार पर भेदभाव किए बिना मानवता की सेवा करने में विश्वास करता है, जो "मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है" के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करता है। ट्रस्ट ने स्वयंसेवकों की एक समर्पित टीम स्थापित की है, जिसे अब ट्रस्ट के सदस्यों के रूप में जाना जाता है, जो अपने मिशन को पूरा करने के लिए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। मानव सेवा ट्रस्ट जाति, पंथ और रंग जैसी सामाजिक सीमाओं से परे मानवतावाद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**विजन और मिशनः मानव** सेवा ट्रस्ट (पंजीकृत) सेवा के प्रति समर्पित एक संगठन है, जो "मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है" के आदर्श वाक्य द्वारा निर्देशित है। ट्रस्ट एक बेहतर समाज की स्थापना के उद्देश्य से विविध सेवा परियोजनाओं के माध्यम से मानवतावाद के दर्शन को क्रियान्वित करता है।

# 'वार्ड 3 में नहीं रहेगी कोई भी जन समस्या'

**जनसुनवाई**

**8 पर्याप्त संख्या में एकत्रित हुए चिंतपूर्णी कॉलोनी के निवासियों के मध्य उन्होंने निवासियों की समस्याएं सांझा की**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**चिंतपूर्णी कॉलोनी** की गली नंबर 5 (खजूर वाली गली) के निवासियों के बुलावे पर वार्ड 3 पार्षद एवं निगम की फाइनेंस एंड कांट्रैक्ट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र मदान वहां पहुंचे और अपने स्वभाव के अनुसार उनकी कुशल क्षेम जानी। पर्याप्त संख्या में एकत्रित हुए चिंतपूर्णी कॉलोनी के निवासियों के मध्य उन्होंने निवासियों की समस्याएं सांझा की। मुख्य समस्या सड़क, सीवर और लाइट आदि की बताई गई। सुरेंद्र मदान ने इन सभी समस्याओं को यथाशीघ्र हल करवाने की बात कही। तदोपरांत चाय के दौरान उन्होंने कहा कि वे वार्ड 3 के निवासियों की हर छोटी बड़ी समस्याओं से सदा अवगत रहते हैं और कई बार तो निकट भविष्य में आने वाले दिक्कत को महसूस कर लेते हैं और उसके हल पर पहले से ही काम करना शुरू कर देते हैं। उन्होंने बातचीत के दौरान एक बार फिर दोहराया कि वार्ड-३ के सभी निवासियों का लगातार आशीर्वाद और सहयोग उनके काम करने की ऊर्जा को ताजा रखते हैं। इस दौरान एकत्रित निवासियों ने उनके बुलावे पर उन तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने और उनकी कुशल मंगल जानने के लिए अपने पार्षद सुरेंद्र मदान का हार्दिक आभार प्रकट किया और उनकी समस्याओं से सदा जुड़े रहने की प्रशंसा भी की। सुरेंद्र मदान ने भावुक मन से मौके पर उपस्थित सभी चिंतपूर्णी कालोनी निवासियों का आभार प्रकट करते हुए उनसे ऐसे ही अपना सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ दिनेश शाहरा ने किया 'सनातन अवतार' का अनावरण

**नई दिल्ली।** परम्परा और आधुनिकता के संयोजन से युक्त भव्य समारोह के दौरान जाने माने उद्योगपति एवं परोपकरी डॉ दिनेश शाहरा ने 14 जनवरी को दिल्ली में अपनी पुस्तक सनातन अवतार का विमोचन किया। ओपिनियन सेंसेशन मिस रिचा अनिरुद्ध एवं अन्य गणमान्य दिग्गजों की मौजूदगी में इस बहु-प्रतीक्षित पुस्तक का अनावरण किया गया। इस



आयोजन ने उद्योगपति से लेखक तक की डॉ शाहरा की यात्रा पर रोशनी डाली, साथ ही 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में मनमोहक प्रस्तुतियां भी पेश की गईं। यह उपलब्धि ने समय से परे एक कथा का अनावरण किया, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप है और आजीवन लर्नर एवं बेस्टसैलिंग लेखक के रूप में डॉ शाहरा के रूपान्तरण का प्रतीक है। ह्यसनातन अवतारद्ध एक आध्यात्मिक मास्टरपीस है, जो गुरूदेव श्री श्री रवि शंकर के सहयोग से प्राप्त गहन अंतदृष्टि से प्रेरित है। इस अवसर पर गुरूदेव श्री श्री रवि शंकर को समर्पित मन को छू जाने वाली रचना ह्यजय जय गुरूदेवद्ध ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। डॉ शाहरा ने टीवी की जानी-मानी व्यक्तित्व रिचा अनिरुद्ध के साथ बातचीत की। उन्हें अपनी बदलावकारी यात्रा, सनातन के प्रति दृष्टिकोण तथा इसे राष्ट्रीय एवं विश्वस्तरीय प्रभाव पर रोशनी डाली। अपनी गहन भावनाओं की अभिव्यक्ति करते हुए डॉ शाहरा ने कहा, ह्यह्यसनातन शाश्वत मूल्यों का प्रतीक है, जिसमें हमारी राष्ट्रीय पहचान को आकार देने और विश्वस्तरीय परिवेश को प्रभावित करने की अद्भुत क्षमता है। मैं इन्हीं सिद्धान्तों पर रोशनी डाल रहा हूं, जो हमें सौहाद्रपूर्ण, खुशहाल एवं स्थायी भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों में आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ सदस्य शामिल थे, जिन्होंने सनातन जीवन के माध्यम से शाहरा के मिशन की सराहना की, जिनका उद्देश्य शाश्वत मूल्यों को बढ़ावा देते हुए हमारी सांस्कृतिक धरोहर के साथ मजबूत रिश्ते बनाना है। यह पुस्तक ऑनलाईन मार्केटप्लेसेज जैसे एमजॉन पर तथा चुनिंदा स्टोर्स में उपलब्ध है। एक दूरदृष्टा लीडर के रूप में डॉ शाहरा ने अपने 50 साल के कॉपोर्रेट करियर में सनातर सिद्धान्तों को अपनाते हुए ह्ययैलो रेवोल्यूशन की शुरूआत की, जिसने मध्य प्रदेश को पूरी तरह बदल डाला। दिनेश शाहरा फाउन्डेशन के संस्थापक के रूप में वे एक धरती एक परिवार, दान के लिए जीने और स्थायित्व के मूल्यों को बढ़ावा देते हुए समाज को सशक्त बनाने के मिशन की दिशा में कार्यरत हैं।

### किंग रिसर्च एकेडमी ने किया मार्केट मंथन का आयोजन, देश भर से 800 से ज्यादा लोगों ने लिया हिस्सा, बड़े निवेशक भी हुए शामिल

**नई दिल्ली। देश की** राजधानी दिल्ली में किंग रिसर्च एकेडमी की ओर से बाजार मंथन-2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के दिग्गज निवेशकों और व्यापारियों के साथ ही 800 से ज्यादा लोगों ने हिसा लिया। किंग रिसर्च अकेडमी की ओर से अयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो में शेयर मार्केट को लेकर जागृति फैलाना रहा। दिल्ली के एनसीयूआई ऑडिटोरियम में हुए इस इवेंट को लेकर किंग रिसर्च एकेडमी के संस्थापक और सेबी रजिस्टर्ड रिसर्च एनालिस्ट हरिंदर साहू की ओर से बताया गया कि शेयर मार्केट को लेकर




लोगों के मन में कन्फ्यूजन बनी रहती है। मार्केट मंथन के जरिए ये प्रयास किया गया है कि शेयर मार्केट में रुचि रखने वाले लोगों की परेशानियों को दूर किया जाए। साहू ने बताया कि शेयर मार्केट में लोग बिना सोचे समझे पैसा तो लगा देते हैं, जिन्हे बाद में नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे लोगों की गलतियों को सुधारना और उन्हें सही दिशा देने में मार्केट मंथन जैसा इवेंट काफी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरन इवेंट में हरिंदर साहू ने निवेशकों के साथ अपनी कई रणनीति भी शेयर की, जिसमें उन्होंने शेयर बाजार में एंट्री या एग्जिट लेने वाले पॉइंट्स के बारे में भी बताया। साथ ही बताया कि लोगो को ट्रेडिंग करते समय अपनी भावनाओं पर काबू रखना चाहिए और सही फंडामेंटल और टेक्निकल एनालिसिस करके ही ट्रेड लेना चाहिए। इस इवेंट में देश के दिग्गज मार्केट एक्सपर्ट अभिषेक कर, पुष्कर राज ठाकुर, शेयर समाधान के को-फाउंडर अभय चंडालिया के अलावा सारंग यादव, वीरेंद्र पांडे, दीपक वाधवा, अंशुल गुप्ता, हार्दिक भाटिया, हर्षल सिन्हा, प्रीत घनानी, अरुण शर्मा ने भी शेयर बाजार को लेकर अपने विचार रखें।

# जातिगत दुर्भावना से पुलिस कार्यवाही नहीं किए जाने का आरोप, विभिन्न संगठनों ने जताया रोष



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** ईकबालपुर नंगली में सरपंच परिवार के परिजनों पर हुई मारपीट के मामले में दर्ज मुकदमा नंबर 330 में एक माह से अधिक समय होने पर भी आरोपियों को गिरफतार ना करने के मामले में सर्व अनु0 जाति संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग व पुलिस के उच्चाधिकारियों को पत्र जारी कर मांग की है कि मारपीट करने के आरोपी ईकबालपुर नंगली निवासी लालसिंह को अविलंब गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में गुरु रविदास मंदिर में हुई बैठक में विभिन्न संगठनों द्वारा मामले में एक माह से अधिक समय होने पर भी एससी एसटी एक्ट के दर्ज मुकदमा में कार्रवाई ना होने से पुलिस विभाग की अव्यवहारिक कार्यशैली पर रोष प्रकट किया गया। समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि 12 दिसम्बर को ईकबालपुर नंगली निवासी शेर सिंह के साथ चुनाव की रंजिश को लेकर उसी गांव के लालसिंह द्वारा पंचायतघर में आयोजित विकसित भारत के तहत संकल्प यात्रा के दौरान कातिलाना हमला कर मारपीट की गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में कार्रवाई करने का पूरा आश्वासन देने और डीएसपी द्वारा गवाहों के ब्यान दर्ज होने के बावजूद दोषी को आज तक गिरफतार ना करना पुलिस की अव्यवहारिक कार्यशैली को उजागर करता है।

# भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़।** स्थानीय यादव धर्मशाला महेंद्रगढ़ के मुख्य सभागार में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष डॉक्टर मेजर सूरत सिंह यादव के दिशा निर्देश पर भूतपूर्व सैनिक विकास संघ महेंद्रगढ़ की मासिक बैठक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की आज मासिक बैठक मैं अध्यक्ष महोदय ने सेना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।संगठन के चुनाव के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। चुनाव की प्रक्रिया की जिम्मेदारी के लिए संगठन के महा सचिव सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य को नामित किया गया।इस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जता कर प्रस्ताव को पारित किया। पूर्व सैनिकों के पेंशन संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। आज की बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सूबेदार रामस्वरूप यादव, उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा, महा सचिव सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य, सुबेदार हवा सिंह,सुबेदार होशियार सिंह,नायब सुबेदार रामबीर,रोशन लाल,श्रीमती संतोष देवी,हवलदार सत्यपाल,पुष्कर दत्त,लाल सिंह,राम किशन खेड़ा,अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# 18वें मिड डे मिल वर्कर सम्मान समारोह का किया आयोजन

## मिड डे मील वर्कर्स का सम्मान असली कर्मवीर सम्मान हैः राजकुमार यादव

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**
**नांगल चौधरी।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल द्वारा विद्या भारती स्कूल निजाम पुर में मिड डे मील वर्कर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ' इस विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार यादव एडवोकेट यादव मौजूद रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की ' विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद भीमसेन शर्मा और शिक्षक नरोतम सोनी उपस्थित रहे ' कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि राजकुमार यादव ने कहा कि सेवा को उतर दायित्व मानने की प्रकृति भारतीय दर्शन की देन है। आदर और प्रेम के साथ मिड डे मील वर्कर को सम्मान प्रदान करने का यह प्रकल्प पूरे देश का अनूठा कार्यक्रम है ' उन्होंने कहा प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने यह कार्यक्रम आयोजित कर सराहनीय कार्य कर रहा है ।

# शिक्षा बिना विकसित भारत का सपना अधूराः झरोठी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मकर संक्रांति** के शुभ अवसर पर लेक्स फाउंडेशन के द्वारा सोनीपत के राजकीय महिला महाविद्यालय में युवा सम्मेलन कार्यक्रम का अयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता एवं हरियाणा सरकार में रहे पूर्व चेयरमेन अनिल झरोठी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की जहां झरोठी का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया, इस मौके पर झरोठो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना विकसित भारत का देखा है वह शिक्षा के बिना अधूरा रह सकता है, इसलिए हम सब मिलकर इस सपने को साकार करने के लिए शिक्षा देने का संकल्प ले हमारी बहन व बेटियों के लिए मुख्यमंत्री ने सोनीपत में एक महिला कॉलेज की सौगात देकर हमारी बहन को जीवन में आगे बढ़ने का मौका दिया है, हमें इसका लाभ उठाना चाहिए, झरौठी ने कहा की विद्यालय हो या खेल का मैदान। हॉबी हो या ज्ञान। सब चीजें एक इंसान के अंदर नहीं हो सकतीं। समाज में एक ही इंसान है जो एक साथ सब कुछ दे सकती है। वह है मां। नैतिकता व गुणों को एक इंसान में ढालना, सही तरीके से कब क्या करना चाहिए और क्या नहीं। यह बच्चों को कौन सिखाता है, उसकी मां। मां मेरी हो या आपकी। वह अपने समय की एक लड़की है। यही लड़की शिक्षित होकर मां के रूप में बच्चों को शिक्षित करती है। एक लड़की ही शिक्षित होकर मां बनकर बच्चे को एक अच्छे नागरिक के रूप में तैयार कर समाज, देश व राष्ट्र का निर्माण करती है।

# 17 से अटेली विधानसभा का दौरा करेंगे युवा जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। जननायक** जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान 17 जनवरी को एक बूथ एक योद्धा कार्यक्रम के तहत अटेली विधानसभा के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे। जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि युवा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रमों की शुरूआत गांव नावदी में प्रातः 10 बजे से होगी। इसके पश्चात वह धनौंदा में 11 बजे, गणियार में 12 बजे, राता में एक बजे, ककराला में दो बजे, इसराणा में तीन बजे, मोहनपुर में 4 बजे तथा चेलावास में शाम 5 बजे ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

# 'जरूरतमंदों की सहायता करना ही सबसे बड़ा कर्म'



**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा (सोनीपत)**
पूर्व विधायक एवं वरिष्ठद्द कांग्रेस नेता पदम दहिया ने कहा कि हम एक ऐसे परिवार में जन्म लेते हैं जो सभी प्रकार से संपन्न है। ये सब हमारे कर्मों का ही फल है जो भगवान ने हमें ऐसे परिवार में जन्म दिया। इसलिए हमारा कत्र्तव्य बनता है कि हमें हर जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए ताकि उसका जीवन भी सुखदायी हो सके। क्योंकि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा कर्म है। पूर्व विधायक पदम दहिया ने मकर सक्रांति के पर्व पर आदर्श सर्व ग्रामीण सेवा समिति फतेहपुर द्वारा गांव मण्डौरी स्थित राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित कंबल विरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए। गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए मनुष्य को हमेशा आगे रहना चाहिए। क्योंकि मनुष्य को इस धरती से अपने साथ कुछ नहीं लेकर जाना वह खाली हाथ आया था और उसे खाली हाथ जाना भी पड़ेगा बस साथ जाएंगे तो उसके द्वारा किए गए कर्म। उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य अच्छे कर्म करेगा तो उसका भविष्य सुखदायी होगा। उसके जीवन में किसी भी प्रकार का दुख नहीं आएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में सर्दी बहुत ज्यादा बढ़ गई है इसलिए गरीब व जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने के लिए उनका सहारा बने। उन्हें सर्दी से बचाव के लिए कंबल और कपड़े अवश्य दें क्योंकि अगर हम उस जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करेंगे तो भगवान भी हमारी सहायता करेगा।

इस मौके पर आदर्श सर्व ग्रामीण सेवा समिति फतेहपुर के अध्यक्ष शिव कुमार, कोषाध्यक्ष कप्तान मण्डौरा, खाप प्रधान चौधरी जयपाल दहिया, सचिव जोगिन्द्र शर्मा, कृष्ण कुमार, अनिल दहिया, चौधरी जगबीर पहलवान भण्डौरी, ज्ञाना सिंह, इंद्रजीत, जोगिन्द्र प्रधान मण्डौरी, जगबीर प्रधान तुर्कपुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बंद मकान से जेवरात चोरी

**जांच जारी**

**8 तलाशी लेने पर घर में रखी अलमारी से दो सोने की चैन, दो अंगूठी व एक जोड़ी कान के टोपस गायब मिले**

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़।**
**गांव जांजडियावास में** चोर बंद मकान का ताला तोडकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

पुलिस को दी शिकायत में गांव जांजडियावास निवासी छाजूराम शर्मा ने बताया कि उसने अभी गांव के बाहर टयूबवैल पर नया घर बनाया हैं।

पहले वह अपने परिवार के साथ गांव के बीच बने पुराने घर में रहता था। अभी उसने अपने नए घर में पूरा सामान शिफ्ट नहीं किया हैं। वह दो-चार दिन एक बार पुराने घर में जाता हैं। 14 जनवरी को जब वह अपने पुराने घर गया तो देखा घर का ताला टूटा हुआ हैं तथा सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हैं। तलाशी लेने पर घर में रखी अलमारी से दो सोने की चैन, दो अंगूठी व एक जोड़ी कान के टोपस गायब मिले। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की अधिकारियों संग मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। गणतंत्र** दिवस समारोह की तैयारियों के सिलसिले में आज सोमवार को नांगल चौधरी नगरपालिका परिसर स्थित सामुदायिक हाल में एसडीएम कैप्टन मनोज कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और विभागीय प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की । इस बैठक में लगभग 25 विभागों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसडीएम मनोज कुमार ने अधिकारियों को इस समारोह की जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि हमेशा की भांति अबकी बार भी गणतंत्र दिवस समारोह एक मिशाल बनना चाहिए । इस आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के मुखिया व प्रतिनिधियों से कहा गया कि समारोह के लिए किए जाने वाले प्रबंध का सही ढंग से किया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। एसडीएम ने समारोह स्थल चौधरी बैजनाथ महिला कालेज परिसर की सफाई व्यवस्था बाबत नगरपालिका को निर्देश दिए।

वहीं समारोह के दौरान बिजली , पानी की समुचित व्यवस्था बाबत भी निर्देश दिए गए।

# मिशन बुनियाद खंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**हरियाणा** प्रतिभा खोज के अंतर्गत आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद मारकंडा के सभागार में मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 के तत्वाधान में खंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्य आरती त्रेहन उपस्थित ॠंल्ल । सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने मिशन बुनियाद के संस्थापक नवीन मिश्रा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरती त्रेहन, खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर एस एस आहूजा, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर तरसेम कौशिक, विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर अशोक शर्मा तथा राजेश सैनी के साथ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोहतास वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा निदेशालय हरियाणा तथा विकल्प संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत कक्षा नौंवी से ही विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं जैसे आईआईटी, जेई मेंस, एनआईटी, नीट तथा एनडीए के लिए तैयार किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** गत रात्रि श्री अरोड़ा सभा (रजि.) नारनौल द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का उत्सव पंजाबी धर्मशाला,पुल बाजार में हर्ष और उल्लास का मनाया गया। हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री श्री ओम प्रकाश जी यादव द्वारा अग्नि प्रज्वलित कर लोहड़ी वह मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात मोहन सागर द्वारा भजन संध्या में सुंदर-सुंदर भजन व गीत प्रस्तुत किए गए। परमानंद दीवान,वासुदेव खुराना,सरला भल्ला व किरण अरोड़ा ने भजन गीत गाए। इस अवसर पर सुचेता गोगिया ने कहा कि समाज की महिलाओं को समूह बना कर बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्य करने चाहिए।

श्री अरोड़ा सभा के प्रधान नरेश गोगिया,सचिव श्री अश्विनी कटारिया व कोषाध्यक्ष पवन अरोड़ा ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा की मकर संक्रांति का पर्व हिंदुओं का सबसे बड़ा त्यौहार है इसे सभी को मिलजुल कर हर्ष व उल्लास से मनाना चाहिए और परंपराओं को आगे बढ़ना चाहिए।

# धूमधाम से मनाया गया सुरभि जाजू का जन्मदिन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** क्षेत्र में भाजपा की पूर्व निगम प्रत्याशी सुरभि जाजू का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।
सुबह से ही उनको जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा है। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, पूर्व मंडल महामंत्री वीरेंद्र शेखावत, सतीश कालीरमन, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण स्वामी, तरुण जैन, संदीप सागर, ईश्वर सैनी, सरिता सहित क्षेत्र की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व अन्य गणमान्य लोगों ने सुरभि जाजू को जन्मदिन की बधाई दी। जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल ने सुरभि जाजू को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की।
इस दौरान वार्ड-55 के शालामार गांव मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर सुरभि जाजू ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है। मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूं।

# सावन पार्कः लोहड़ी पर लोगों में पूर्व पार्षद सरदार मान सिंह ने बांटे कम्बल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** सावन पार्क इलाके में पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने लोहडी के अवसर पर लोगों में कम्बल का वितरण किया गया।
इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह के अलावा उत्तम सिंह, बलराम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस अवसर पर सरदार मान सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए और हमेशा ही सत्य की राह पर चलना चाहिए। इस दौरान पूर्व पार्षद सरदार मान सिंह ने लोगों को लोहडी के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने



आगे बताया कि जरूरतमंद लोगों की मदद करें, जरूरतमदों की मदद करना भी पुण्य का कार्य होता है।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,100 लोगों ने करवाई जांच




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के नांगलोई** इलाके में श्री जैन स्थानक नांगलोई के नेतृत्व में और एचओडी द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थायराइड, शुगर अथवा कोलेस्ट्रॉल की जांच की गई। इस दौरान डाक्टर दीपक जैन ने बताया की नांगलोई में गरीब तबकों के लोगों का जनरल चेकअप करवाया गया। इस स्वास्थ्य कैंप में 100 लोगों की जांच की गई। इससे गरीब तबकों के लोगों को फायदा मिला। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रकार के शिविर सभी को आयोजित करने चाहिए। इस प्रकार के शिविरों से लोगों को काफी राहत मिलती है।




दिल्ली के पंडित पंत मार्ग पर सांसद राधा मोहन सिंह के आवास पर उनके परिवार संग मकर संक्रांति के उत्सव पर संजीत योगी, महेंद्र सिंह एडवोकेट एवं कुंदन कुमार बधाई देते हुए।

# न्यू सीनियर सिटीजन ने मकर संक्रांति पर किया कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में शुमार न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा रविवार को पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 12 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। व सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी। संस्था द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर सदस्यों का जन्मदिन की बधाई दी, और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान वक्ताओं ने अयोध्या में 22 जनवरी को




रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के विषय पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया। नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) द्वारा रविवार को हर माह की भांति इस बार भी अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 12 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियो ने प्रेमचंद मंगला, रामनिवास बंसल, विजय प्रकाश, विनोद बंसल, पवन कुमार बंसल, राधेश्याम बंसल, पवन कुमार मित्तल, संतोष देवी, सुनीता गुप्ता, मंजू अग्रवाल, पंनबती के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी। और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। संस्था महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता ने सभी सदस्यों को जन्मदिन की बधाई देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पडने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 12 सदस्यों का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष कृष्ण कुमार बंसल ने सभी को जन्मदिन व मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि मैं पूरी संस्था की तरफ से सभी को जन्मदिन व पावन पर्व मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। और ईश्वर से आप सबके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं। कार्यक्रम पश्चात संस्था की ओर से सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में संरक्षक शिवचरण गुप्ता, महासचिव महावीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल सहित सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कमल कप क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा दिल्ली** प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली की स्मृति में 'खेलो इंडिया-फिट इंडिया' मुहिम के तहत नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में 'छांव फाउंडेशन' द्वारा एनडीपीएल 'कमल कप क्रिकेट टूर्नामेंट' का आयोजन किया गया। इसके फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के पुत्र दिल्ली क्रिकेट के अध्यक्ष रोहन जेटली ने शिरकत की। आपको बता दें कि बतौर मुख्य अतिथि रोहन जेटली ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को अपने हाथों से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसला




अफजाई भी की। राम खिलाड़ी यादव महामंत्री ओबीसी मोर्चा ने कहा कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व होता है। एक खिलाड़ी आजीवन नशे से दूर रहता है और बिना भेदभाव एक टीम के रूप में काम करता है। साहिल यादव सोशल मीडिया प्रमुख ओबीसी मोर्चा ने कहा कि आज मुख्य अतिथि रोहन जेटली की उपस्थिति से हम सबको एक नई ऊर्जा मिली है। मैं इस आयोजन के लिए छांव फाउंडेशन और मुख्य अतिथि रोहन जेटली का धन्यवाद करता हूं और आशा करता हूं भविष्य में इस तरह के सुंदर और सफल आयोजन जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं यही वजह है कि कॉमनवेल्थ जैसे आयोजन में भारत की रैंकिंग में बीते 5 वर्षों से लगातार सुधार जारी है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत हर वर्ष नए शहरों के साथ नए खिलाड़ियों का उदयमान कर रहा है इसका सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है जिनकी दूरदर्शी सोच की वजह से यह सब संभव हो सका। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में लगातार भाजपा प्रत्येक व्यक्ति तक किसी न किसी माध्यम से पहुंच रही है। उपाध्यक्ष लोकेश नंबरदार, उपाध्यक्ष दीपक चौधरी, उपाध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष पवन चौधरी गोपाल खारी, रणवीर भाटी, उपाध्यक्ष वरुण सैनी, मंत्री विश्वास तोमर और नई दिल्ली विधानसभा के तीनों मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, मयंक, अजय चौधरी भी उपस्थित रहे।



भलस्वा गांव में अक्षत वितरण करते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब और भाजपा नेता व कई गणमान्य लोग।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में दिखी उत्तराखंड लोक संस्कृति की झलक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला में देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच नरेला द्वारा रविवार को कंफर्ट जोन में उत्तरैणी मकरैणी महापर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।
इसमें उत्तराखंड की लोक संस्कृति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।
कार्यक्रम में युवा प्रतिभाओं ने गायन और नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान मातृशक्ति द्वारा पारंपरिक परिधान में झोड़ा नृत्य की शानदार प्रस्तुति को सब ने सराहा।
कार्यक्रम में मौजूद उत्तराखंड समाज के लोग पहाड़ी गीतों पर जमकर थिरके। कार्यक्रम में मुख्य





अतिथि अति विशिष्ट अतिथियों का संस्था पदाधिकारियो द्वारा पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच नरेला के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भंसोडा ने बताया कि हर साल उत्तरैणी मकरैणी महापर्व संस्था द्वारा नरेला में धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें आस-पास के क्षेत्रों के हजारों लोग पहुंचते हैं। कार्यक्रम पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नरेला वार्ड से पार्षद पति कमल खत्री, बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, अलीपुर वार्ड से निगम पार्षद योगेश राणा, होलंबी वार्ड से पार्षद नेहा मिश्रा, भाजपा दिल्ली प्रदेश मंत्री विनोद बछेती, विनोद नगर वार्ड से पार्षद रवि नेगी, समाजसेवी संजय खत्री, समाजसेवी पवन खत्री (मोनी) हरेंद्र डोलिया, भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ खत्री, रजनीश खत्री, प्रसिद्ध गौ सेवक राजेंद्र सिंघल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व उत्तराखंड समाज के लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत और खुशहाल हरियाणा के लिए तीसरी बार भी मोदी-मनोहर सरकार: नायब सैनी

**स्लोगन**

**8 भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कैथल में दीवार पर बनाया कमल का फूल और लिखा स्लोगन**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कैथल के सेक्टर-19 में दीवार लेखन अभियान की शुरूआत करते हुए "एक बार फिर से मोदी सरकार" के नारे को दोहराया। उन्होंने कहा कि देश की जनता चाहती है कि विकसित भारत के लिए बार-बार मोदी ही प्रधानमंत्री बनें, इसलिए जनता के आशीर्वाद से 2024 की जीत एतिहासिक होगी। नायब ने कहा कि विकसित भारत और खुशहाल हरियाणा के लिए तीसरी बार भी मोदी-मनोहर सरकार बनना निश्चित है।
श्री सैनी ने कहा कि देश में स्थिरता और स्थिर तथा मजबूत सरकार के लिए फिर से मोदी सरकार बनाएं और देश को आगे बढ़ाएं। श्री सैनी ने कहा सभी कार्यकर्ता इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने में अभी से जुट जाएं। प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ मंत्री कमलेश ढांडा , विधायक लीला राम, जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर, सुरेश गर्ग ने भी दीवार लेखन का कार्य किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त सोमवार से दिल्ली में दीवार लेखन अभियान की शुरूआत की। यह अभियान देशभर के सभी बूथों पर चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक बार फिर से मोदी सरकार स्लोगन के साथ कमल का फूल बनाकर दीवार लेखन करेंगे। श्री सैनी ने कहा कि दीवार लेखन के जरिए भाजपा के कार्यकर्ता आम जनता तक मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।दीवार पर कमल का फूल उकेरते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार के लिए हरियाणा प्रदेश में दीवार लेखन का व्यापक अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कार्यकर्ता दस की दस लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में लगभग दस सालों में देश और प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदली है। मोदी की गरीब कल्याण की नीतियों से प्रदेश में गरीबों का जीवन सरल हुआ है। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण की योजनाओं के आधार पर भाजपा की सरकार एक बार फिर केंद्र और राजय में जनता जनार्दन के आशीर्वाद और कार्यकताओं के दम से प्रचंड बहुमत से बनने जा रही है।

# दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली से युवाओं को मिलेगा बेहतर रोजगार : मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहाकि दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली एक परिवर्तनकारी पहल है जो आईटीआई के प्रशिक्षुओं को आधुनिक प्रशिक्षण देकर उन्हें ज्यादा रोजगारपरक बनता है। दोहरी प्रशिक्षण ट्रेनिंग सिस्टम को लेकर आज लघु सचिवालय सेक्टर 12 में किक-ऑफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बतौर मुख्यथिति वर्कशॉप में शिरकत की। एसडीआईटी के एडिशनल डायरेक्टर श्री राजकुमार और स्किल डेवलपमेंट एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग डिपार्टमेंट हरियाणा की तरफ से एसिसेंट डायरेक्टर श्री मनोज सैनी ने उच्चतर शिक्षा मंत्री का स्वागत किया। प्रदेश के उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा आज दोहरी शिक्षा प्रणाली के माध्यम से आईटीआई और स्कूली बच्चों का बेहतर ट्रेनिंग देकर भविष्य संभाल रहे हैं। कौशल विभाग की दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली एक अदभुत योजना है, जिसके माध्यम से राज्य के युवाओं को आईटीआई कोर्सिज के साथ-साथ उद्योगों में नवीनतम मशीनों पर प्रशिक्षण देते हुए रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।



# हरियाणा में सरकारी पदों पर बाहरी लोगों को भर्ती किया जा रहा: अनुराग ढांडा

**जुमला**

**8 नौकरियों में हरियाणा के युवाओं को 75% आरक्षण देने का वादा जुमला निकला : अनुराग ढांडा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार पर निशाना साधा। उनके साथ पंचकूला जिला अध्यक्ष रंजीत उप्पल और वरिष्ठ नेता बीके कौशिक भी मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा पिछले कई सालों से बेरोजगारी में लगातार नंबर वन बना हुआ है। बेरोजगारी की ये समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। अभी कुछ दिन पहले सिरसा में तीन युवाओं की नशे से मौत हो गई। हर रोज युवाओं के नशे की चपेट में आने की खबरें आ रही हैं जो बेहद चिंताजनक है। प्रदेश में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं और जो सरकार हरियाणा के युवाओं को नौकरी में 75% आरक्षण का जुमला फेंक कर सत्ता में आई। उनका 75% आरक्षण का कानून इतना कमजोर था कि वो कोर्ट में धाराशायी हो गया। लेकिन हरियाणा के 75% युवाओं को रोजगार मिले ऐसी सरकार की मंशा कभी थी ही नहीं।
उन्होंने कहा कि इस सरकार में हुई कुछ भर्तियों के आंकडे बताते हैं कि कृषि विभाग के 600 एडीओ के पदों के लिए भर्ती निकली थी। उनमें से भी केवल 50 का ही चयन हुआ, 550 पोस्ट ऐसे ही खाली रह गई। भर्ती में जनरल केटेगरी के 23 पदों में से 16 पदों पर हरियाणा से बाहर के उम्मीदवारों को सेलेक्ट किया गया। यानी 70% सिलेक्शन बाहर के युवाओं का था। 2021 में हुई एसडीओ इलेक्ट्रिकल की भर्ती में 99 लोगों को सेलेक्ट किया गया था। इनमें 77 बाहर के थे और सिर्फ 22 हरियाणा के थे। यानी 78% बाहर के सेलेक्शन हुए। लेक्चरर ग्रुप-बी (टेक्निकल एजुकेशन) की भर्ती में 157 में से 103 अभ्यार्थी हरियाणा से बाहर के सेलेक्ट हुए थे। यानी 66% सेलेक्शन हरियाणा के बाहर के अभ्यर्थियों का हुआ। साल 2019 में असिस्टेंट प्रोफेसर पॉलिटिकल साईंस की भर्ती में 18 में से 11 उम्मीदवार बाहरी थे। यानी 61% बाहर के सेलेक्शन हुए। इसके अलावा एचसीएस भर्ती 2021 में 34 लोग बाहरी चयनित हुए।
उन्होंने कहा कि हरियाणा अकेला ऐसा प्रांत है, जहां स्टाफ नर्स व वेटेरिनरी की पोस्ट के लिए हरियाणा नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल व हरियाणा वेटेरिनरी रजिस्ट्रेशन काउंसिल का पंजीकरण अनिवार्य नहीं, जबकि दूसरे प्रदेशों में प्रांतीय काउंसिल का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। नतीजा यह है कि बाहर के युवा हरियाणा में नर्सिंग व वेटेरिनरी में भर्ती हो रहे हैं और हरियाणा के युवाओं को न हरियाणा में जगह मिलती और न बाहर। पहले सरकार ने कोर्ट में हलफनामा दिया कि बाहर के आवेदकों को भी सामाजिक आर्थिक आधार पर जो 20 अंक दिए जाते हैं वो उनको भी दिए जाएंगे। जिससे हरियाणा के गरीब और पिछड़े युवा का अधिकार मारा गया। अब हरियाणा सरकार ने नया फैसला करके हरियाणा के डोमिसाइल की जरुरत को भी खत्म कर दिया है। इससे हरियाणा की सभी नौकरियों पर बाहरी उम्मीदवारों का कब्जा हो जाएगा। अब सीएम खट्टर बताएं कि हरियाणा के युवा कहां जाएं और किससे नौकरी मांगे?
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं के लिए कोई ऐसा रास्ता नहीं छोड़ा जिससे उनको रोजगार मिल सके और हरियाणा में लगातार बाहर के लोगों को ही नौकरियों में तरजीह दी जा रही है।

# नशे के दुष्परिणाम, साइबर फ्रॉड और महिला अपराध के संबंध में किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत एसीपी तिगांव राजेश लोहान, थाना प्रबंधक छायंसा निरीक्षक ब्रह्मजीत और चांदपुर चौकी प्रभारी उमेद सिंह ने पुलिस टीम के साथ गांव रायपुर कलॉं में आमजन को नशे के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, यातायात के नियमों और महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में जागरूक किया। इस प्रोग्राम में गांव के करीब 300 लोगो को जागरुक किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ को आज सोमवार फरीदाबाद के गाँव अनखीर एवं अनंगपुर पहुँचने पर ग्रामवासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता अनंगपुर गाँव के सरपंच ने की। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए सरपंच महोदय ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहने पाए और उसे मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसियों और मित्रगण को सूचित करें। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है। उन्होंने कहा कि सरल हरियाणा पोर्टल के माध्यम से व्यक्ति घर बैठे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की जानकारी सांझा करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं विपत्ति में व्यक्ति का बड़ा सहारा बनती हैं। कोई भी व्यक्ति मात्र 20 रुपए का भुगतान के साथ दो लाख रुपए का बीमा करवा सकते हैं, साथ केवल 436 रुपए जमा करवाते हुए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है।



# जिला में पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों का 20 जनवरी तक रहेगा अवकाश: डीसी

**का**

**8 फरीदाबाद में चौथी, पांचवीं व आगे की सभी कक्षा तक के विद्यार्थियों की लगातार लगेंगी कक्षाएं**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा के निदेर्शानुसार जिला फरीदाबाद में भी पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों का 20 जनवरी तक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला में चौथी, पांचवीं व आगे की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की कक्षाएं लगातार लगेंगी। उन्होंने बताया कि स्कूलों का समय प्रातः 10:00 बजे से सांय चार बजे तक रहेगा। इसके साथ ही सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के लिए 16 जनवरी से विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।



# जिला में आगामी 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन: जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक




**सड़क सुरक्षा**

**8 फरीदाबाद में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद की जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक की अध्यक्षता में जिला फरीदाबाद में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न युवा एवं युवतियों को पहले ट्रैफिक पुलिस के नियमों का प्रशिक्षण दिया गया है तथा और भी युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तत्पश्चात जिला फरीदाबाद के विभिन्न कॉलेजों जैसे नेहरू कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज वूमेंस फरीदाबाद एवं महिला गवर्नमेंट कॉलेज नाचोली के राष्ट्रीय युवा इकाई और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक की तैनाती विभिन्न चौराहों तथा ऐसे स्थानों पर जहाँ वाहनों का आवागमन अधिक है, पर किया गया है। जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि जिन स्थानों पर इन इकाईओं की तैनाती की गयी है उनमें बाटा चौक, ओल्ड चौक, बड़खल मोड़, वाईएमसीए रोड, एनएचपीसी चौक आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। युवा साथी विभिन्न चौराहा पर तैनाती के दौरान आने जाने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति रोजाना जागरुक कर रहे हैं इसमें युवाओं का सहयोग पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा द्वारा किया जा रहा है। साथ ही नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद इस पूरे सड़क सुरक्षा सफ्ताह 11 से 17 जनवरी के दौरान विभिन्न जागरूकता अभियान चला रहा है जिसमें सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन खेड़ी गुजरान कॉलेज और युवाओं को प्रशिक्षण सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में गवर्नमेंट कॉलेज वूमेन में दिया गया। कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें पोस्टर मेकिंग, क्विज कंपटीशन आदि शामिल हैं।

# सामर्थतानुसार जरूरतमंदों की मदद के लिए आएं आगे: दीपक यादव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
मकर संक्राति के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की तरफ से कडकड़ाती ठंड को देखते हुए अपनी आईएमटी स्थित साइट पर जरूरतमंद को कंबल वितरित किए। इस क्रम में विद्यासागर इंटरनेशन स्कूल संस्था की तरफ से निदेशक दीपक यादव के साथ उसके परिजन भी मौजूद रहें और इस पुण्य के कार्य में भागेदारी निभाई। इससे पूर्व इस संस्था की तरफ से रोड़ और खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों को रात्रि के समय में कंबल व अन्य सामग्री देकर मदद की जाती थी।
इस क्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि संस्था की तरफ से पिछले कई वर्षो से खुले आसमान के नीचे जीवन व्यतीत करने वालों की, संस्था की तरफ से मदद की जाती रहीं है लेकिन इस वर्ष संस्था की तरफ से आईएमटी स्थित साइट पर उसके आसपास के लोगों की जरुरतों को समझते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। क्योंकि आईएमटी में ऐसे बहुत से परिवार थे। जिसको वास्तव में मदद की जरूरत थीं। इसी कारण यहां कंबल वितरण किए गए।

# हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस का बनना तय: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने कहा है कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस का बनना तय है और चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा पुनः मुख्यमंत्री बनकर इस प्रदेश को विकास की नई बुलंदियों तक पहुंचाएंगे। श्री भारद्वाज ने कहा कि मौजूदा समय में लोग सरकार की अनदेखी का शिकार है और मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है, हालात यह है कि महंगाई और भ्रष्टाचार के चलते लोगों को दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो रही और भाजपा विकास के नए-नए दावे करती है। श्री भारद्वाज कांग्रेसी नेता उमेश कौशिक के बल्लभगढ़ की शिव कालोनी स्थित निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री कौशिक व गणमान्य लोगों ने शॉल ओढ़ाकर जितेंद्र भारद्वाज का स्वागत किया।
इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से पंडित मणिराम कौशिक, देवकरण कौशिक, प्रोफेसर जे के सिंह, एम पी सिंह, सतीश शर्मा, सुनील शर्मा, राव देवेंद्र यादव, चौ. महावीर एडवोकेट, पवन पराशर, जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट सर्वेश कौशिक, एडवोकेट अमित शर्मा, एडवोकेट सोनू, अजय शर्मा, ज्ञान, राकेश कौशिक, नवीन शर्मा, मनीष, संजय शर्मा आदि मौजूद थे। जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में फरीदाबाद का समुचित विकास हुआ था और यह जिला विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुआ था, लेकिन आज भाजपा सरकार में यह जिला स्मार्ट सिटी की जगह नरक सिटी बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो यहां पर मेट्रो रेल, बदरपुर फ्लाईओवर, आईएमटी, मेडिकल कॉलेज, सिक्स लाईन हाईवे, गुडगांव तक सडक बनाई, वहीं सूरजकुंड वाली सडक बनाई तथा सोहना से बल्लभगढ़ तक कनेक्टिविटी पर पूरा ध्यान दिया। जिससे कि शहर विकास के मामले में अग्रणी हो गया था। भाजपा के लोग पिछले 9 साल से राज विकास का राग अलापते नजर आ रहे है, लेकिन एक भी काम नहीं हुआ।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद का चुलकाना पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह )**
सोमवार को ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्य का गांव चुलकाना और छदीया यूसूफपुर में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। चुलकना में भाजपा नेता संजय छोक्कर और छदीया में कुलदीप कौशिक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि यह नया भारत मोदी की ह्यगारंटीह्न का भारत है। नया भारत केंद्र सरकार की हर योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के देने की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासी नए ह्यभारतह्न के गवाह बन रहे हैं जो सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है।
उन्होंने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न हर देशवासी का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। सभी इस बात से अभिभूत हैं कि पहली बार वंचितों व गरीबों को विकास में भागीदार बनाया जा रहा है। सभी मोदी जी की ह्यगारंटीह्न वैन के माध्यम से बिना किसी भेदभाव के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और उन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होते देख रहे हैं।
संजय छोक्कर ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है। ह्यजनसंवादह्न कार्यक्रम जन-जन की आवाज बन चुका है। सरकार की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम धरातल पर सरकारी की योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों से सीधे फीडबैक लेने के लिए शुरू किया गया है, जिसके सराहनीय परिणाम आ रहे हैं।
कुलदीप कौशिक ने कहा कि आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय योजनाओं की जानकारीह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्य के दौरान दी जा रही है। सरकार का प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति या परिवार तक योजनाओं का लाभ पंहुचे। उन्होंने ह्यविकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्राह्य के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया और नागरिकों से आह्वान किया कि ह्यविकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्राह्य में पहुंच कर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें व लाभ उठाएं। इस दौरान नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर आधारित ब्रॉशर, कलेंडर सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। इस मौके पर बीडीपीओ नितिन यादव, नायब तहसीलदार राहुल राठी इत्यादि भी उपस्थित रहे।



# 26 से 28 तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में फेंसिंग प्रतियोगिता भी होगी शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में आगामी 26 से 28 जनवरी तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में अब फेंसिंग प्रतियोगिता को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस महोत्सव में रजिस्ट्रेशन करने तथा भाग लेने की अपील की है। एडीसी श्री शर्मा आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सांसद खेल महोत्सव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि का सांसद खेल महोत्सव उद्देश्य लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र के खिलाडियों से आह्वान है कि प्रत्येक खिलाड़ी इस खेलकूद प्रतियोगिता में भागीदारी करें। इस खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले सालों की अपेक्षा ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी अधिकारीयों को खिलाड़ियों के रहने, ठहरने आदि के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 16 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'प्रदेश में आस्था का सम्मान करने के व्यापक इंतजाम'

**मकर संक्रांति-खिचड़ी पर्व पर सीएम योगी ने दी प्रदेशवासियों को बधाई, दृढ़ विश्वास से आगे बढ़ रही भारत की सनातन परंपरा : सीएम योगी**

आस्था

सरकार का प्रयास है कि कहीं भी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पर्व पर आस्था को सम्मान देने के लिए पूरे प्रदेश के अंदर सुरक्षा सुविधा व सहूलियत के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सोमवार को भोर में चार बजे मकर संक्रांति पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में महायोगी गोरखनाथ को विधिविधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कहीं भी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसे लेकर पूरे प्रदेश में हर जगह पर्याप्त व्यवस्था की गई है। गोरखनाथ मंदिर में भी खिचड़ी चढ़ाने आए लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि गोरखनाथ मंदिर में कल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवावतार महायोगी गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ा रहे हैं और आज मकर संक्रांति के मुख्य पर्व पर यह संख्या लाखों में दिख रही है। गुरु गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने के लिए सड़कों पर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं और लोग अनुशासित होकर दर्शन-पूजन और खिचड़ी चढ़ाने का अनुष्ठान में सम्मिलित हो रहे हैं। इन श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन के साथ ही मंदिर प्रबंधन की तरफ से भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जगतपिता सूर्य से प्रदेशवासियों के शुभ व मंगलमय जीवन की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बारह राशियों में भ्रमणशील सूर्यदेव मकर संक्रांति पर धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने के साथ दक्षिणायण से उत्तरायण होते हैं। मकर संक्रांति हर प्रकार के शुभऔर मांगलिक कार्यक्रमों के लिए प्रशस्ति तिथि मानी गई है। आज से शुभ व मांगलिक कार्य भी प्रारम्भ हों जाएंगे।
सीएम योगी ने कहा कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लोग संगम तट, नदियों व सरोवरों में स्नान करके अपनी आस्था को पुष्ट करने के साथ भारत की सनातन परंपरा के प्रति दृढ़ विश्वास को आगे बढ़ा रहे हैं।

### अयोध्या में बुंदेली भजन गाएंगे झांसी के कलाकार

**टीम एक्शन इंडिया/झांसी**
अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन बुंदेलखंड के कलाकारों को भी ले जाने की तैयारी चल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार का संस्कृति विभाग झांसी के कलाकारों को बुंदेली भजन प्रस्तुत करने के लिए अयोध्या ले जाने की तैयारी में है और इसके लिए कलाकारों ने रिहर्सल भी शुरू कर दिया है।
**जल्द होगी प्रस्ताव पर मंजूरी:** झांसी जनपद के मऊरानीपुर क्षेत्र के रहने वाले लोक कलाकार और गायक रामाधीन आर्य ने बताया कि वे अपने दल के साथ अयोध्या में 22 जनवरी को बुंदेली भाषा में भजन प्रस्तुत करेंगे। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश से उनके पास प्रस्ताव के लिए फोन आया था और आने वाले दिनों में प्रस्ताव पर स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। रामाधीन आर्य ने बताया कि उनके दल में 15 सदस्य हैं और दल के सभी सदस्य 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर उल्लास में हैं।

## सर्दियों में क्यों सुलग रहे जंगल? प्रतिदिन मिल रहे 10-12 अलर्ट

चिंता

पर्वतीय जिलों में वनों के धधकने से विभागीय अधिकारियों की पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
उत्तर भारत के अन्य हिस्सों की भांति इन दिनों उत्तराखंड में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। सर्दी के बीच पहाड़ में सुलगते जंगलों ने चिंता बढ़ा दी है। भारतीय वन सर्वेक्षण से विभाग को प्रतिदिन 10 से 12 फायर अलर्ट मिल रहे हैं। इनमें से अब तक कई अलर्ट उत्तरकाशी के टौंस वन प्रभाग समेत अन्य जिलों के जंगलों में आग की घटनाओं के थे। यद्यपि, विभागीय टीमें आग पर नियंत्रण पा ले रही हैं, लेकिन यह प्रश्न भी अपनी जगह कायम है कि सर्दियों में भी जंगल क्यों धधक रहे हैं। इसके पीछे असल कारण क्या हैं। इस सबको देखते हुए विभाग ने अब वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन कराने का इरादा जताया है। इसी कड़ी में उन सभी वन प्रभागों से ब्योरा मांगा गया है, जहां आग लगने की घटनाएं हुई हैं। प्रभागों से आग लगने के कारणों की जानकारी भी मांगी गई है।
**हाल के दिनों में हो चुकी कई आग की घटनाएं:** कड़ाके की सर्दी और वातावरण में नमी के बावजूद पर्वतीय जिलों में वनों के धधकने से विभागीय अधिकारियों की पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है।

## मिनी कुंभ की तरह नजारा, ढोल-नगाड़े और शंख की ध्वनि से गूंजी काशी नगरी

गंगास्नान

मान्यता है कि इसदिन स्वर्ग से देवता भी यहां भागीरथी में स्नान करने के लिए पहुंचते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**भागीरथी के** किनारे बसे उत्तरकाशी का प्रमुख उत्सव मकर संक्रांति का है। सोमवार तड़के से इस पर्व पर उत्तरकाशी में मिनी कुंभ की तरह नजारा है। गंगा घाटों से लेकर सड़क गलियां तथा मंदिरों के दर तक ढोल नगाड़े और शंख की ध्वनि से गूंज उठे। ढोल की थाप पर जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर रहे हैं।
उत्तरकाशी में बीते रविवार की शाम से देव डोलियां आनी शुरू हो गई थी। हर देव डोली के साथ कम से कम दो जोड़ी ढोल दमाऊ के आए। गंगा स्नान से लेकर कंडार देवता मंदिर दर्शन, विश्वनाथ मंदिर दर्शन, भैरव मंदिर दर्शन, पशुराम मंदिर दर्शन, कालेश्वर मंदिर, शक्ति मंदिर के दर्शन के समय ढोल नगाड़ों तथा शंख की ध्वनि गूंज रही है। जिससे पूरा शहर गूंज उठा। मकर संक्रांति स्नान पर्व को देवताओं का स्नान का पर्व कहा जाता है। उत्तरकाशी को लेकर मान्यता है कि इसदिन स्वर्ग से देवता भी यहां भागीरथी में स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। परंतु मकर संक्रांति पर्व पर टिहरी और उत्तरकाशी से बड़ी संख्या में देव डोलियों और देवताओं के निशानों को श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के लिए लाया।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

## इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग जल्द हो जानी चाहिए: जदयू

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
गठबंधन में सीटों का बंटवारा अभी तक नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव में ज्यादा समय भी नहीं बचा है। इंडी गठबंधन के तमाम घटक दलों ने सहमति से पहले ही सीटों पर दावा भी ठोकना शुरू कर दिया है। इस बीच नीतीश कुमार के बेहद खास और वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सीट शेयरिंग पर बड़ा बयान दिया है। विजय कुमार चौधरने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मकर संक्रांति के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज होंगी। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार शुरू से कहते रह हैं कि सीट शेयरिंग जल्द हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते सीट शेयरिंग नहीं हुई तो नुकसान सभी को होगा।
**'गठबंधन की अंतिम सफलता...'**
विजय चौधरी ने आगे कहा कि अब हम लोगों को सीटों के बंटवारे पर तेजी लानी चाहिए। जिन भी दलों का जिन-जिन राज्यों में प्रभाव है उनको आपस में बैठकर सीटों के बंटवारे पर सहमति बनानी चाहिए, क्योंकि किसी भी गठबंधन की अंतिम सफलता सीटों के सही और सटीक बंटवारे पर ही निर्भर करती है।

## पंजाब: पंचायतों को भंग करने की प्रक्रिया शुरू

चुनाव की तैयारी

लगाए जाएंगे प्रशासक; आम चुनाव करवाने की तैयारियों में जुटी भगवंत मान सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जैसा दूध का जला छाछ को भी फूंक मार मार कर पीता है, ठीक ऐसा ही पंचायतों के चुनाव करवाने के मामले में पंजाब सरकार भी कर रही है। अगस्त 2023 में सभी पंचायतों को भंग करके उसकी जगह प्रशासक लगाने के केस में पंजाब वह हरियाणा हाई कोर्ट में मुंह की खाने के बाद ग्रामीण विकास व पंचायत विभाग भी कर रहा है। विभाग ने इस बार एक साथ सभी पंचायतों को भंग करके उसमें प्रशासक लगाने का आदेश जारी करने की बजाए कहा है कि जिस-जिस पंचायत की पहली बैठक को पांच साल हो गए हैं उसकी सूचना 16 जनवरी यानी कल मंगलवार तक दी जाए ताकि उनमें प्रशासक लगाए जा सकें। पांच साल पूरा होने वाली पंचायतों की भेजनी होगी सूची
ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के संयुक्त निदेशक की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य में आम चुनाव करवाने की तैयारी की जा रही है। इसलिए जिन पंचायतों का कार्यकाल (उनकी पहली बैठक के बाद से) पांच साल का पूरा हो चुका है उनकी सूची भेजी जाए। पत्र में उस पंक्ति को बोल्ड करके लिखा गया है कि अधिकारी सूचना भेजते समय यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित पंचायत की पहली बैठक हुए को पांच साल पूरे हो चुके हैं।

## 'न दूरी, न खाई है, मोदी हमारा भाई है...', मुस्लिम महिलाओं तक बनाई पहुंच

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**भाजपा** अल्पसंख्यक मोर्चा ने सोमवार से शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान प्रारंभ कर दिया। इस अभियान के तहत लखनऊ में पहली जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भाग लिया। जनसभा में भाजपा ने मोदी सरकार में मुस्लिम समाज के लिए किए गए कार्यों के बारे में जानकारी। इस दौरान मंच से ना दूरी है, ना खाई है, मोदी हमारा भाई है... के नारे भी लगे। हर जिले में इस अभियान के तहत सभाएं होंगी। अभियान में केंद्र सरकार की उन योजनाओं के बारे में बताया जाएगा, जिनसे मुस्लिमों को खास लाभ हुआ है। लखनऊ में आयोजित जनसभा में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दानिश अली भी शामिल हुए और कहा कि मोदी सरकार सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। अभियान के तहत तीन तलाक के मामले पर मुस्लिम महिलाओं को जोड़ा जाएगा और बताया जाएगा कि उसका कितना लाभ उन्हें हुआ।

### 8वीं तक के सभी स्कूलों की बढ़ाई गई छुट्टी

आगराः उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में सर्दी और शीतलहर का प्रकोप जारी है। ऐसे में स्कूल के छात्रों को बड़ी राहत दी गई है। अभी तक यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड के 5वीं कक्षा तक के विद्यालय 20 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए गए थे। वहीं अब कक्षा 8वीं तक के स्कूलों का अवकाश भी बढ़ा दिया गया है।
आगरा के जिलाधिकारी भानूचंद्र गोस्वामी ने ने सचिव बेसिक शिक्षा के निर्देश पर 16 जनवरी को 8वीं तक के विद्यालयों का अवकाश घोषित किया है।

## नों चाचा-भतीजे पूरे बिहार को...' नीतीश-तेजस्वी पर खूब बरसे प्रशांत किशोर

**टीम एक्शन इंडिया/ बछवाड़ा (बेगूसराय)**
तेजस्वी यादव वही आदमी हैं जो कह रहे थे, पहली कैबिनेट में 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे। कोई उनसे पूछे कि आपके माता-पिता ने 15 वर्षों तक सत्ता में रहने पर कितने लोगों को नौकरी दी। नीतीश कुमार 18 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं, कितने लोगों को नौकरी दिए हैं। उक्त बातें जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बछवाड़ा प्रखंड की रानी- एक पंचायत के अयोध्या टोल ठाकुरबाड़ी मैदान में प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा दिया जा रहा दो लाख 25 हजार उम्मीदवारों को नौकरी देने का आंकड़ा गलत है।



हाथ का साथ

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए आप और कांग्रेस पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेंगी**

## लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस-आप ने मिलाया हाथ



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**चंडीगढ़ मेयर** चुनाव के लिए आप और कांग्रेस पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेंगी। इसकी घोषणा कांग्रेस नेता पवन कुमार बंसल ने की है। एजेंसी एएनआई के अनुसार, कांग्रेस नेता पवन कुमार बंसल ने बताया कि दोनों पार्टियों ने इस पर चर्चा की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। आप मेयर पद पर चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस शेष दो पर चुनाव लड़ेगी।
**मंथन के बाद लिया गया फैसला:** पवन कुमार बंसल ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले निगम चुनाव आ गए हैं। हम सभी ने इस पर चर्चा की। मंथन के बाद यह निर्णय लिया गया है कि आप मेयर पद के लिए चुनाव लड़ेगी और कांग्रेस वरिष्ठ उप महापौर पद के लिए चुनाव लड़ेगी। इसका परिणाम यह होगा कि इंडिया ब्लॉक से हमारा उम्मीदवार अच्छे बहुमत से सफल होगा। एजेंसी एएनआई के मुताबिक, बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस और आप के बीच सहमति बनी है। विभिन्न दलों के बीच बैठकें हुई हैं जो इस फैसले से राजी हैं। इस समय लोकतंत्र की भावनाओं को बचाने के लिए सभी एक साथ आए हैं।
**चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कुल 35 पार्षद डालेंगे वोट :** फिलहाल बीजेपी के पास 14 पार्षद और एक सांसद का वोट है, वहीं आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं। शिरोमणि अकाली दल के पास 1 पार्षद है। बहुमत के लिए 18 वोटों की जरूरत है, जिसमें बीजेपी के पास सबसे ज्यादा 15 वोट हैं। हालांकि, अगर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक साथ आती हैं तो उनके पास कुल 20 वोट होंगे।

